

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

**सब पर नजर, सटीक खबर**

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | मंगलवार, 28 जनवरी 2025 | वर्षः 02, अंकः 341, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# मंत्रोच्चार के बीच गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने लगाई संगम में डुबकी, संत समाज ने दिया आशीर्वाद

## रुका वेतन मिलने से खुश इमामों ने दिल्ली के उपराज्यपाल का किया जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली**

दिल्ली वक्फ बोर्ड की मस्जिदों में नियुक्त इमामों और मोअज्जिन की तरफ से आज दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजमेरी गेट में जोरदार स्वागत किया गया। हाल ही में दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन के रुके हुए 18 महीने का वेतन जारी होने के बाद उपराज्यपाल का शुक्रिया अदा करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आइंदा इमामों के वेतन न रुके, इसके लिए उपराज्यपाल से ठोस रणनीति बनाए जाने की मांग भी की गई। कार्यक्रम में दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, उलेमा और बुद्धिजीवी भी मौजूद थे। इस मौके पर उपराज्यपाल ने अपने स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए यहां पर कोई ऐसी बात नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद इस समस्या के समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। आपकी जो मांगें है, उस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन गत डेढ़ वर्षों से वेतन न मिलने से काफी परेशान थे।

## पीठाधीश्वरों के साथ किया संगम स्नान, जयकारों से गूंजा संगम नोज, मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री और उनके परिवार को भेंट किया चांदी का कुम्भ कलश

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**महाकुंभ नगर।** **गृहमंत्री** अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मठों, मंदिरों और अखाड़ों के संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़ककर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुम्भ कलश भी भेंट में दिया, जबकि साधु संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया। भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई। संतों ने गृहमंत्री को वैदिक विधि से स्नान कराया और उन पर संगम का जल छिड़का। इसके बाद गृहमंत्री ने सूर्य को अर्घ्य भी दिया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने गृहमंत्री और मुख्यमंत्री की संगम स्थल पर ही विशेष पूजा अर्चना संपन्न कराई और फिर विशेष संगम आरती का भी आयोजन हुआ। संगम पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती के जयकारे गूंजे। इस दौरान शाह परिवार के सबसे छोटे सदस्य को भी संतों का आशीर्वाद मिला। पूजा की वेदी पर मुख्यमंत्री योगी ने भी बच्चियों को दुलराया और उनसे हंसी ठिठोली की। इसके बाद हर हर महादेव के उद्घोष के बीच शाह और योगी ने मां गंगा और भगवान भास्कर को प्रणाम किया। अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम स्नान के बाद वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच पूजन अर्चन किया। पूजा के बाद संगम आरती भी कराई गई। इस दौरान गृहमंत्री के साथ उनकी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधु समेत पूरा परिवार मौजूद रहा। परिवार के लोगों ने भी स्नान के बाद पूजा और आरती में हिस्सा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री को चांदी का कुम्भ कलश भेंट किया। यहां से वो सीधा अक्षय वट के लिए रवाना हो गए। संगम स्नान और पूजन के दौरान उनके साथ जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर कैलाशानंद, बाबा रामदेव, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, जूना अखाड़े के हरिगिरि समेत तमाम अखाड़ों के वरिष्ठ महंत भी मौजूद रहे।

**गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संतों संग की महाकुम्भ पर चर्चा**

इससे पहले, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम में अरैल स्थित वीआईपी घाट से प्रवेश किया। दोनों नेताओं ने क्रूज की सवारी की। मां गंगा को प्रणाम किया। इसके बाद साइबेरियन पक्षियों को दाना भी खिलाया। क्रूज पर बने विशेष कक्ष में गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद, अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरी और अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी के साथ महाकुम्भ पर विशेष मंत्रणा की।

## स्वामी रामदेव ने अलग से हाथ पकड़कर मुख्यमंत्री को कराया योगाभ्यास



**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** **महाकुम्भ** के महाआयोजन को लेकर महाकुम्भनगर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे एकता का महाकुम्भ करार दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, महाकुम्भ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। यह हमारे सनातन जीवन-दर्शन और समरसता पर आधारित अखंड परंपरा को दशार्ता है। गृहमंत्री ने कहा, आज धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।

प्रयागराज पहुंचने पर गृहमंत्री के आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, ब्रजेश पाठक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनका भव्य स्वागत किया।







# जिलाधिकारी ने फहराया तिरंगा ली परेड की सलामी







## पुलिस लाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी ।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस लाइन कौशाम्बी के परेड ग्राउंड में भव्य समारोह एवं सेरीमोनियल परेड का आयोजन किया गया। समारोह में आमंत्रित मुख्य अतिथि मधुसूदन हुल्गी जिलाधिकारी कौशाम्बी द्वारा ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली गई। सलामी के उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के साथ परेड का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के बाद परेड द्वारा हर्ष फायरिंग की कार्यवाही की गई। हर्ष फायरिंग के उपरांत भव्य परेड टोलीवार मंच के सामने से होकर गुजरी। परेड को देखकर आमन्त्रित अतिथिगण एवं जनता के द्वारा तालियां बजाकर जवानों उत्साहवर्धन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। परेड का नेतृत्व शिवांक सिंह क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा कमाण्डर प्रथम के रुप में किया गया, इसी प्रकार निरीक्षक भुवनेश कुमार चौबे व म०उ०नि० सुश्री यशवन्ती कुमारी द्वारा क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय कमाण्डर की भूमिका का निर्वहन किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा परेड को संबोधित करते हुए उद्बोधन किया गया तथा भव्य परेड की सराहना करते हुए विगत दिनों कौशाम्बी पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों पर भी प्रकाश डाला। पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार प्रकट किया गया।

इसी क्रम में मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। तत्पश्चात जनपद कौशाम्बी के विभिन्न विद्यालयों से आये हुए छात्र/छात्राओं के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित कर भव्य परेड का समापन किया गया। समारोह में सीजेएम दीपक कुमार जायसवाल, अपर जिला जज श्रीमती पूर्णिमा प्रान्जल, अपर जिला जज अशोक श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रफुल्ल कमल, मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गौड, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा,सीओ अभिषेक सिंह सहित अन्य अधिकारीगण, जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्रीमती अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेंद्र सरोज, नगर पंचायत अध्यक्ष भरवारी श्रीमती कविता पासी, राकेश केशरवानी, प्रेम चौधरी सहित व्यापारी नेतागण एवं सम्मानित पत्रकारगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 76वें गणतन्त्र दिवस समारोह पर पुलिस लाइन, बाराबंकी के परेड ग्राउण्ड में भव्य परेड का किया गया आयोजन





सबसे तेज प्रयागराज

**बाराबंकी। 76वें** गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी 2025) समारोह के अवसर पर बाराबंकी पुलिस द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउण्ड में भव्य परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा परेड का अभिवादन स्वीकार किया गया। तत्पश्चात समारोह के मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र शर्मा राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उ0प्र0 द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का मान प्रणाम ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा परेड को शपथ दिलाई गई। श्री जगतराम कनौजिया क्षेत्राधिकारी फतेहपुर द्वारा परेड कमांडर प्रथम के रुप में भव्य परेड का नेतृत्व किया गया तथा परेड कमाण्डर द्वितीय उ0नि0स0पु0 राममूरत व तृतीय परेड कमाण्डर उ0नि0 राजेन्द्र सिंह विष्ट रहे। परेड में कुल 06 टोलियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुलिस कार्यालय/अभियोजन कार्यालय टोली-प्रथम, महिला टोली-द्वितीय व एनसीसी टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी व जनपद के न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी व जनता के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। परेड का दर्शकगणों द्वारा तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड कमाण्डर्स, विजेता टोली कमाण्डर एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया गया एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रिता श्रीमती रमाकन्ती देवी पत्नी स्व0 राम चन्द्र निवासिनी ग्राम व पोस्ट हरख थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी को प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर), थानाध्यक्ष सतरिख उ0नि0 अमर चौरसिया, मु0आ0ना0पु0 रामबली मिश्र,आरक्षी चालक सुशील कुमार सिंह,उ0नि0स0पु0 सुनील कुमार सिंह, उ0नि0ना0पु0 उदय प्रताप सिंह को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर कांग्रेसियों ने कार्यालय में किया झंडा रोहण



ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज

कौशाम्बी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के निदेर्शानुसार, मुख्य अतिथि राजेश साहनी ने झंडा रोहण किया और शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया इस मौके पर प्रदेश सचिव राजेश साहनी ने जय बापू ,जय भीम ,जय संविधान के तहत देश के शहीदों को नमन करते हुए अपने विचारों को रखा एवं संविधान को बढ़ाने की बात कही।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एनएसयूआई अमित द्विवेदी आजाद जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, रामसूरत रैदास, श्याम सिंह भदौरिया, नरेंद्र सिंह, अनिल सेन, आलोक त्रिपाठी, सिकंदर सिंह, संतोष पटेल, बिंदेश्वरी रैदास, छोटे लाल, रामदास, मृतलाल, इंदर पाल,विफाई पासी और तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीएचसी प्रभारी ने राष्ट्र ध्वज फहराकर आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को किया नमन

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी। सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केंद्र के अधीक्षक डॉ मो सऊद ने राष्ट्र ध्वज फहराकर आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को नमन किया।पर्व के अवसर पर अधीक्षक डॉ मो सऊद द्वारा अस्पताल कर्मचारियों को गरमा -गरम हलुआ व दमआलू का जलपान कराया गया साथ ही परिषदीय विद्यालय के बच्चों को बिस्किट व टॉफी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रदीप सिंह, डॉ संतोष श्रीवास्तव, रामभवन शर्मा, रामनरेश पटेल, सर्वेश कुमारी, काजल यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## चार वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया





**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। कप्तान के नि**र्देश पर वारंटी की तलाश में थाना मंझनपुर व सैनी पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० प्रमेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त मूलचन्द्र पुत्र राम जियावन निवासी मौजा समदा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

थाना सैनी पुलिस उ०नि० मनोज तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा 3 वारण्टी अभियुक्तों राम सजीवन पुत्र गयादीन . बोदी पुत्र बृजलाल . देशराज पुत्र सीत्ता निवासीगण छोटीमई थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, कई पुलिसकर्मी हुए सम्मानित







**सबसे तेज प्रयागराज**

"**फतेहपुर। 76 वें** गणतंत्रदिवस" के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी फतेहपुर रविन्द्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गयी । तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी जाफरगंज एचएल सिंह(प्रथम कमाण्डर) के नेतृत्व में आयोजित भव्य परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया । मुख्य अतिथि जिलाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के साथ भ्रमण कर परेड का टोलीबार निरीक्षण किया गया एवं जवानों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलायी गयी । तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों का परिचय प्राप्त कर उन्हें पुरुस्कृत किया गया । परेड में महिला टोली म0उ0नि0 सुश्री दीपाली कुशवाहा के नेतृत्व में प्रथम स्थान पर रही ।

## गणतंत्र दिवस हमारे देश की संप्रभुता और एकता का प्रतीक है - धर्मराज मौर्य



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण कर जनपदवासियों को शुभकामनाएं दी साथ ही उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की संप्रभुता और एकता का प्रतीक है इस दिन स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं जिन्होंने हमारे देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हमारा संविधान हमें समानता का अधिकार प्रदान करता है और हमारे देश को एक संप्रभु धर्मनिरपेक्ष,लोकतांत्रिक, गणराज्य बनाने का मार्गदर्शन करता है हमें अपने देश के विकाश में अपनी पूर्ण भागीदारी प्रदान करनी चाहिए और इसकी एकता और अखंडता की रक्षा करनी चाहिए साथ ही यह दिवस देश के संघर्ष और गौरव गाथा का प्रतीक है हमें अपने देश के विकास में अपनी पूर्ण भागीदारी प्रदान करनी है। इस मौके पर जिलाउपाध्यक्ष आशीष केसरवानी,जिला महामंत्री संजय जायसवाल, नितिन पासी, झल्लर चौरसिया, ज्योति केसरवानी, धर्मराज पाल, सत्यम केसरवानी, जितेंद्र साहू, ज्ञानेन्द्र साहू, व मण्डल अध्यक्षगण, कार्यकर्तागण,उपस्थित रहे।

## कप्तान ने एएसपी के साथ कोखराज क्षेत्र में भीड़भाड़ इलाकों में किया पैदल भ्रमण, सुरक्षा का कराया एहसास





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। देर रात महाकुम्भ**-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना कोखराज पुलिस बल के साथ भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई तथा आमजनमानस को भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया एवं थाना कोखराज अंतर्गत सकाढ़ा तिराहा पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का निरीक्षण किया गया। महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया एवं मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया एवं सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## मण्डल उत्तर मध्य रेलवे ने मनाया गया 76 वाँ गणतंत्र दिवस



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । मण्डल रेल** प्रबंधक/प्रयागराज हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में 76 वाँ गणतंत्र दिवस डीएसए ग्राउंड में उल्लास के साथ मनाया गया। मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम के बढ़ते हुए क्रम में उन्होंने परेड का निरीक्षण किया । इस अवसर पर महिला कल्याण समिति/प्रयागराज मण्डल की अध्यक्षा, श्रीमती निधि उनियाल; उपाध्यक्षा, श्रीमती संध्या राय, उपाध्यक्षा, श्रीमती तरुणा प्रकाश, सचिव श्रीमती चेतना इंगले सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रही। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक/ सामान्य संजय सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक/ परिचालन ए के राय अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा नवीन प्रकाश सहित प्रयागराज मंडल के अन्य शाखाधिकारी, अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी भक्ति और अपने कर्म योग से दुनिया को अपनी संस्कृति और सामर्थ्य से परिचित करवाएं। जब हम कहते हैं कि "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" तो हमारे भीतर का अर्जुन जागता है निष्काम कर्म के लिए । महाकुंभ -2025 में हम सब अपने कर्म से और संकल्प से वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश पूरे विश्व को दिखाएंगे और ऐसी सेवा करेंगे की अमृत प्रयागराज मण्डल के सभी स्टेशनों पर बरसेगा । हर व्यक्ति जो जिस क्षेत्र में कार्य कर रहा है वह एक कर्म योगी है चाहे वह स्वच्छता कर्मी हो या सुरक्षाकर्मी । मकर संक्रांति के दिन 101 ट्रेन चलाकर रेल कर्मियों ने कीर्तिमान स्थापित कर दिया । मण्डल रेल प्रबंधक के संबोधन के पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में रेलकर्मी राजेश कुमार गौतम ने ह्यमेरे देश की धरतीह्न और रेलकर्मी मृणाल कुमार एवं राकेश ने ह्यमेरा रंग दे बसंती चोलाह्न गीत प्रस्तुत किया। छोटी बच्ची कुमारी वैभवी ने भारत अनोखा राग पर नृत्य प्रस्तुत किया । मानवी और अयाना ने नृत्य प्रस्तुत किया एवं स्काउट एवं गाइड द्वारा मानव पिरामिड प्रस्तुत किया गया । मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 154 रेलं-2025 में अन्य क्षेत्रीय रेलवे से ड्यूटी करने आये 06 रेलकर्मियों को भी जो शानदार कार्य कार्य कर रहे हैं उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया । संविदा पर कार्य कर रहे 12 संविदा कर्मियों को भी सम्मानित किया ।

## लाखों रुपए स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बाराबंकी । पुलिस** अधीक्षक बाराबंकी श दिनेश कुमार सिंह के द्वारा में जनपद में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा देर रात को अभियुक्तगण गुड्डू उर्फ फारूख पुत्र सरदार निवासी ग्राम करौदी कला थाना सतरिख जनपद बाराबंकी, शिवकुमार रावत पुत्र अयोध्या रावत निवासी ग्राम जैनाबाद थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 465 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा पास्को एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त सनी पुत्र गोविन्द निवासी ग्राम कृपालपुर थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## असोथर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना असोथर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्ता रेनू पत्नी जुगराज पासवान नि0 कुसुम्भी थाना असोथर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## आईसीएलएम संस्था ने आयोजित कराया विद्यारंभ संस्कार

**बहराइच।** शहर के कंप्यूटर सेंटर आईसीएलएम में शनिवार को विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ओ लेवल के बच्चों को आईसीएलएम संस्था द्वारा कक्षाएं प्रारंभ कराई गईं।आईसी एल एम के डॉयरेक्टर सूरज शुक्ला द्वारा विद्यारंभ कार्यक्रम कर बच्चों को बैग वितरित कर ओ लेवल की बैच को प्रारंभ किया गया।

# 76वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में हुआ परेड का आयोजन

## डिप्टी सीएम ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने की शपथ दिलाई





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। 76वें गणतंत्र** दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन प्रयागराज में एक भव्य परेड का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा के नेतृत्व में आयोजित इस सममारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस अवसर पर अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने की शपथ दिलाई गई। उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का दिन है। यह दिवस हमारे संविधान निमार्ताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है। पुलिस बल की अनुशासन और समर्पण की भावना देखकर मुझे अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। हमारे जवान न केवल कानून और व्यवस्था बनाए रखते हैं, बल्कि आपदा के समय भी अपनी सेवाओं से देशवासियों की रक्षा करते हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों, स्वतंत्रता सेनानियों और बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय एकता और अखंडता को और भी मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। श्री मौर्या ने गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस जवानों, स्वतंत्रता सेनानियों और वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया और इन प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## हण्डिया पुलिस द्वारा वारण्टी को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**हंडिया। हंडिया कोतवाली** पुलिस वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर

वारण्टी हरिश्चन्द्र पुत्र मोहन निवासी सैदाबाद थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को उसके घर ग्राम सैदाबाद से समय करीब 7.30 बजे पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा वारण्टी उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम–**
प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया, अरुण कुमार सिंह चौकी प्रभारी सैदाबाद थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## फूलपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में शान से फहराया तिरंगा



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर ।76 वे गण**तंत्र दिवस के अवसर पर फूलपुर नगर पंचायत से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में शान से तिरंगा फहराया गया और वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें भाव भींनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई फूलपुर तहसील में संघ अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी एवं उपाध्यक्ष उमाकांत अवस्थी द्वारा झंडा फहराया गया जिसमें काफी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे इसी प्रकार ब्लाक फूलपुर में खंड विकास अधिकारी फूलपुर हनुमान प्रसाद वर्मा ने झंडा फहराया तो सीएचसी पर डॉक्टर नीरज पटेल विद्युत उपखंड कार्यालय फूलपुर में उपखंड अधिकारी अमन सिंह द्वारा तिरंगा फहराया गया इसी क्रम में गोमती इंटर कॉलेज विजयलक्ष्मी पंडित इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्यो ने झंडा फहराया तो उच्च प्राथमिक विद्यालय कोड़ापुर में प्रधानपति कोड़ा पुर वरिष्ठ पत्रकार मौजी लाल रावत ने झंडा फहराया बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर प्रधानाध्यापक बिक्रम बिरची सहित अध्यापक दिनेश कुमार रीता तिवारी सहित अन्य अध्यापक एवं रसोइया उपस्थित रही वही ग्राम पंचायत सचिवालय कोड़ापुर में वरिष्ठ समाजसेवी रूप चंद्र भारतीय ने झंडा फहराया मौके पर मुकेश रावत,मनीष , कड़ेदीन चौधरी ,रामप्रसाद आदि मौजूद रहे तो उपस्वास्थ्य केंद्र कोड़ापुर में वरिष्ठ पत्रकार मौजी लाल रावत ने झंडा फहराया मौके पर सी एच ओ सहित सभी आशाएं मौजूद रही। इस प्रकार 76वे गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया ग्रामीण क्षेत्र कोड़ापुर के प्राथमिक विद्यालय पर ग्राम प्रधान फूलकली रावत द्वारा झंडा फहराया गया तो बी एल अयोध्या इंटर कालेज गड़ौर में प्रबंधक हरिश्चंद्र पाल और राम औतार इंटर कालेज में प्रधानाचार्य राम सूरत यादव ने झंडा फहराया तो प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय भमई हुसाम गंज में प्रधानसंघ अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार भारतीय ने झंडा फहराया तो मैलहन प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पूनम सिंह अनीश अख्तर देवी यादव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई मैलहन पंचायत भवन पर प्रधानमंत्री लाल यादव राजकीय यूनानी चिकित्सालय मैलहन पर डॉक्टर जोशी मदरसा अनवारूल उलूम मैलहन में सदर अब्दुल मजीद खान चंद्रकाली इंटर मीडिएट कॉलेज में प्रबंधक मोनू मिश्रा द्वारा तिरंगे को सलामी देते हुए वीर सपूतों को नमन किया शाहिद जुल्फेकार अली जैदी के आवास पर थाना प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

## हृदय नारायण पांडेय की पुण्यतिथि में गोपाल राय हुए शामिल



**सबसे तेज प्रयागराज**

**सोरांव: विश्व हिंदू** रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। जहां उन्होंने दूसरे दिन ग्राम महरूडीह में हृदय नारायण पांडेय की पुण्यतिथि पर शामिल हुए। गोपाल राय ने उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित कर शत शत नमन किया। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि हम आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े है, कभी भी कोई भी जरूरत पड़े आपका साथ देने के लिए विश्व हिंदू रक्षा परिषद खड़ा है। हमे हमेशा एकजुट होकर रहना चाहिए। इस मौके पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव पंकज प्रधान, हरि मंगल सिंह, तेजस्वी पांडेय, बृजनंदन पांडेय, अवधेश पांडेय, शालू पांडेय, सिद्धू प्रधान, विमल मिश्रा एडवोकेट, ज्ञान प्रकाश राय, विकास मिश्रा, अरविंद यादव, वैशाली जायसवाल।

## महाकुंभ मेले में डीआईजी ने किया ध्वजारोहण

### धूमधाम से मनाया गया 76 वें गणतंत्र दिवस



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। महाकुम्भ-2025 के संगम तट पर 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर** अस्थाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण के द्वारा व रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड महाकुम्भ मेला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा गरिमामय ढंग से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात गरिमापूर्ण व भव्य राष्ट्रगान के बाद सलामी ली गई। इसके बाद समस्त अधिकारी/कर्मचारी के साथ पुलिस उप महानिरीक्षक महाकुम्भ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ ने अखण्ड भारत के संविधान की शपथ ली। अस्थाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड महाकुम्भ मेला में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को सम्बोधित करते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी अधिकारी/कर्मचारी गण राष्ट्र और पुलिस विभाग के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन अवश्य करें । पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को धन्यवाद कहते हुये 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाये दी गई ।इस दौरान इस राष्ट्रीय पर्व पर महाकुम्भ मेला के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/ अन्य इकाई प्रभारी के सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे

## महाकुंभनगर स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रर्दशनी में गणतंत्र दिवस पर उमड़ी अवलोकनार्थियों की भीड़



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर।** महाकुंभनगर स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रर्दशनी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रर्दशनी के अवलोकन हेतु हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं एवं जनसामान्य ने प्रर्दशनी के अवलोकन के बाद मंत्रालय के द्वारा क्रियान्वित की गयी प्रर्दशनी की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रर्दशनी मे स्थित डिजिटल सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेने के लिये लोगों में काफी उत्सुकता रही विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों में । डिजिटल सेल्फी प्वाइंट के साथ साथ प्रर्दशनी स्थल मे स्थित समुन्द्र मंथन के प्रतीकात्मतक स्टैच्यू की प्रशंसा श्रद्धालुओं द्वारा की जा रही है और वह उसके साथ सेल्फी भी ले रहे हैं।

महाकुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं जन सामान्य के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा त्रिवेणी रोड स्थित परेड ग्राउण्ड में इस डिजिटल प्रर्दशनी का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक के लिये किया गया है। एकता का महाकुंभ में आयोजित इस प्रर्दशनी के माध्यम से भारत सरकार की विगत दस साल की उपलब्धियों, लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी लोगों को प्रदान की जा रही है। श्रद्धालुओं द्वारा इस डिजिटल प्रर्दशनी की सराहना करते हुए प्रर्दशनी को ज्ञानवर्धक और लाभप्रद बताया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रर्दशनी शिविर में लगायी गयी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप की डिजिटल प्रर्दशनी एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं प्रकाशन विभाग के स्टाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जानकारी प्राप्त की। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस प्रर्दशनी के माध्यम से जन सामान्य को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, वेव्स, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्याँजली, आत्म निर्भर भारत, स्किल इंडिया, एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आजाद भारत के तीन नये कानून, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ साथ नारी सशक्तिकरण की योजनाओं तथा विभिन्न अन्य योजनाओं की जानकारी दर्शकों और जन सामान्य को मिल रही है।

## डीआईजी ने मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व को सम्पन्न कराए जाने के लिए देर रात को चलाया चेकिंग अभियान





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। महा**कुम्भ-2025 पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण के द्वारा मुख्य अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के पहले संगम घाट, पाण्टून पुल, मुख्य चौराहे-तिराहे पर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

चेकिंग के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, अतिक्रमणों, पाण्टून पुलों की सघन चेकिंग की गयी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक के द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे व मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में निरंतर आगमन कर रहे लाखों श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम आवागमन सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करेंगे

## इफको किसानों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत। सिंघानी




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। इफको** किसानों के लिए निरंतर प्रयास कर रही है किसानों की खुशहाली को लेकर सतत प्रयासरत है उक्त बाते रविवार को गणतंत्र दिवस के बाद इफको इकाई फूलपुर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने कही उन्होंने कहा कि इफको के प्रबंध निदेशक डाक्टर उदय शंकर अवस्थी के दूरदृष्टी सोच के चलते इफको अपने देश के किसानों के साथ दुनिया के कई देशों के किसानों और सहकारी संगठनों के साथ मिलकर नई कीर्तिमान स्थापित कर रहा है उन्होंने कहा कि कृषि योग्य भूमि को उपजाऊ बनाए रखने के लिए इफको ने नई खोज करते हुए इफको नैनो यूरिया और इफको नैनो डी ए पी की खोज करके कृषि क्षेत्र में दुनिया को एक नया आयाम दिया है जिससे कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति घटने न पाएं उन्होंने कहा कि इफको नैनो यूरिया और इफको नैनो डी ए पी की मांग विदेशों में अधिक हो रही है इसके बावजूद भी इफको 70 प्रतिशत अपने देश के किसानों को उपलब्ध करा रही तो 30 प्रतिशत विदेशों में आपूर्ति की जा रही है। इस मौके पर इफको इकाई फूलपुर के निदेशक संजय कुदेशिया सहित इफको कार्डेट के प्रधानाचार्य डाक्टर हरिश्चंद्र सहित जनसंपर्क अधिकारी स्वयं प्रकाश सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर लहराया तिरंगा दिखा देशभक्ति का जज्बा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** रविवार को कस्बा भर में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया जिलेभर के साथ ही कस्बा में भी गणतंत्र दिवस देश भक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया इस मौके पर लालगोपालगंज तथा आसपास पर जहां तिरंगा लहराया वही देशभक्तों ने तिरंगा को सलामी पेश की। ग्राम पंचायत पियरी उर्फ बिजलीपुर मे सफाई कर्मचारी मनोज कुमार ने तिरंगा फहराया इस प्रमुख गणमान्य तथा अतिथिगण उपस्थित रहे वही मुख्य हनुमान चौराहा पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल तो स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय मे चेयरमैन जुलेखा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उसके बाद राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति कर मिष्ठान वितरण किया गया पूरा कस्बा वंदे मातरम तथा भारत माता के जयकारों से गुजयमान रहा इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय में ,कैलाश यादव ,दारा यादव ,लिपि कृष्ण कुमार, जितेंद्र कुमार ,अनिल कुमार, देवराज, अमृत लाल मौर्य , चंद्र प्रकाश यादव, अमृतलाल सरोज ,सौरभ शेखर ,अनिल निर्मल, आदि लोग उपस्थित रहे बिजलीपुर मे प्रधान जितेंद्र सरोज व व्यापार मण्डल मे मुजीद फारुकी , जौवार अहमद विजय भास्कर संते तिवारीआदि लोग , मौजूद रहे।

## संतों के लिए 'मां सीता रसोई' चला रहीं मनप्रीत

### प्रयागराज के महाकुंभ में लगे शिविरों में जाकर साधु-संतों को करा रहीं भोजन-प्रसाद

### अन्न से करनी है अधिक से अधिक लोगों की सेवा : मनप्रीत कौर



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। प्रयाग**राज के महाकुंभ में देश भर के साधु-संतों का कल्पवास हो रहा है। इसमें मां सीता रसोई का संचालन करने वालीं श्री महंत श्री ज्ञान दास जी महाराज हनुमान गढी (अयोध्या) की सद प्रेरणा से संकटमोचन सेना महिला प्रकोष्ठ पंजाब के लुधियाना की अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर उनकी सेवा में लीन हैं। वह महाकुंभ में भी अपनी पूरी टीम के साथ साधु, संतों और भण्डारों के लिए विशेष रूप से अलग - अलग शिविरों में जाकर मां सीता रसोई चला रही है। प्रतिदिन 15 से 20 हजार ज्यादा साधु- संतों को भोजन प्रसाद उपलब्ध करा रही हैं। सोमवार को महाकुंभ के सेक्टर-18 स्थित हरियाणा के चरखी दादरी आश्रम के पीठाधीश्वर दंडी स्वामी ब्रह्माश्रम जी महराज के शिविर में उन्होंने मां सीता रसोई चलाईं। इसी तरह सेक्टरझ20 में स्थित अटल अखाड़ें में पहुंची और संतों को भोजन, प्रसाद और दक्षिणा उपलब्ध। वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर कहती हैं कि वह 2 वर्षो से सीता की रसोई चला रही हैं। अयोध्या और वृंदावन में भी सीता की रसोई चल रही है। बताती हैं कि धार्मिक स्थलों पर जाकर वह इस तरह का आयोजन कर रही हैं। प्रयास रहता है कि कोई भी भूखा न सोए। उन्होंने बताया कि समाजसेवा करने से बहुत संतुष्टि मिलती है। पूरी कोशिश रहती है कि अधिक से अधिक लोगों की अन्न से सेवा कर सकूं। वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर ने बताया कि महाकुंभ के दौरान महाशिवरात्रि तक संतों की सेवा प्रयागराज महाकुंभ में करनी है।

## अघोर तांत्रिक रिदिमा बनी किन्नर अखाड़ा की श्रीमहंत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। किन्न**र अखाड़ा का महाकुंभ में विस्तार जारी है। किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने आज दिल्ली की रितु अरोड़ा को श्रीमहंत बनाया। उनका नया नाम श्री महंत अघोर तांत्रिक रिदिमा भैरवी नंद गिरी हुआ है। इस दौरान महामंडलेश्वर गगार्चार्य मुचकुन्द पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी जय अम्बा नंद गिरि, महामंडलेश्वर पार्वती नंद गिरी, महामंडलेश्वर मनिकंडन महराज, महामंडलेश्वर स्वामी रिषिकेश नंद गिरी, श्रीमहंत धैर्य राज नंद गिरी सहित अन्य संतों ने आशीर्वाद प्रदान किया। रिदिमा इंटरनेशनल ब्रांड कंपनी में 12 वर्ष से काम कर रही थी।अब काम छोड़ दिया है। आठ वर्ष से काशी के मणिकर्णिका घाट पर अघोर साधना कर रही है।



## बालक राम श्रीश बाहुबली महाराज से मिले पीएम और सीएम, मांगी मनौती



**सबसे तेज प्रयागराज**

**नवाबगंज।** श्रृंग्वेरपुरधाम पवित्र भूमि है। अब बालक राम के लिए भगवती गंगा से मनौती मांगी जाने लगी है। महाकुम्भ की सकुशलता के साथ साथ पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ श्रृंग्वेरपुरधाम आकर विगत तीन वर्षो से पीएम और सीएम का इंतजार कर रहे है। बालक राम के मनोरथ को पूर्ण करने के लिए ग्रामीणों एवं समिति के पदाधिकारियों ने मनोकामना के साथ भगवती गंगा की आरती उतारी। श्रृंग्वेरपुरधाम वासियो में बालक राम श्रीश बाहुबली महाराज को लेकर चचाएं तेज है। वायरल होते पांच वर्ष के बालक राम श्रीश बाहुबली महाराज का वीडियो दिन प्रतिदिन श्रृंग्वेरपुरधाम वासियो को गौरव की अनुभूति करा रहा है। ग्रामीणों एवं आयोजको का कहना है कि श्रीश बाहुबली महाराज का हठ है कि पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ श्रृंग्वेरपुरधाम पहुंचकर उसकी पूजा करें। ग्रामीण कहते है कि हम सभी भगवती गंगा से कामना करते है कि प्रभु श्रीराम स्वरुप बालक राम से पीएम और सीएम मिलें। बता दें कि बालक राम श्रीश बाहुबली महाराज को पांच वर्ष कि उम्र में श्रीरामचरितमानस एवं श्रृंग्वेरपुरधाम की चौपाइयाँ, भजन और श्लोक कंठस्थ है। बड़ी बड़ी हस्तियां बालक राम का पूजन कर चुकी है। बालक राम श्रीश बाहुबली महाराज का कहना है कि पीएम के आने की प्रतीक्षा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि पीएम और सीएम श्रृंग्वेरपुरधाम पहुंचकर उनकी पूजा करेंगे। इसी के साथ सोमवार को श्रृंग्वेरपुर महोत्सव जय श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान मे दिव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम घाट पर किया गया। श्रृंग्वेरपुरधाम मे प्रत्येक सोमवार एवं महाकुम्भ स्नान पर्व पर दिव्य गंगा आरती आयोजन का निर्णय जय श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान मे किया जाता है। साधु संतो की अगुवाई में दिव्य गंगा आरती भगवती गंगा को पुष्प और श्रृंगार वस्त्र अर्पित करके शुरू की गई। श्रृंग्वेरपुर महोत्सव के अध्यक्ष संजय तिवारी एवं संचालक अरुण द्विवेदी ने बताया कि बालक राम श्रीश बाहुबली महाराज का पूजन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री अवश्य करें। यह सम्पूर्ण श्रृंग्वेरपुरधाम के लोगो की अपील है। अध्यक्ष संजय तिवारी ने आभार जबकि श्रृंग्वेरपुर महोत्सव के संचालक अरुण द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर मनोज यादव, कुलदीप तिवारी सरकार, वैभव मिश्रा, संतोष शुक्ला, पप्पू त्रिपाठी, मोनू महाराज, निर्मल बाबा आदि उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 218 रक्तदानियों ने किया रक्तदान

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस मित्र, कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस** तथा कुम्भ मेला पुलिस द्वारा पुलिस लाइन परेड के संकल्प प्रशिक्षण पंडाल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुल 218 रक्तदानियों द्वारा रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन एसएसपी महाकुम्भ राजेश द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्तदाताओ का उत्साहवर्धन किया गया। शिविर में जनपद प्रयागराज के एएमए ब्लड बैंक, काल्विन ब्लड बैंक एवं एसआरएन ब्लड द्वारा ब्लड कलेक्शन किया गया। कमिश्नरेट प्रयागराज तथा कुम्भ मेले में किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति पैदा होने पर यह रक्त सुरक्षित किया गया है। शिविर में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों में रजनीश शुक्ल, अशीष मिश्रा, अर्धसैनिक बल, महिलाओं, आमजन एवं अन्य जनपदों मिजार्पुर, वाराणसी, सोनभद्र तथा हरियाणा से आये रक्तदाताओ द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदाताओ को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित भी किया गया।



## दबंगों ने मां बेटे को पीटा मां बेटे बुरी तरह हुए जख्मी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**सोरांव/प्रयागराज। सोरां**व थाना क्षेत्र बदरी गांव में सोमवार शाम लगभग 5 बजे खेत घांस काटने गई थी जहां पहले से हो घात लगा कर बैठे गांव दबंगों द्वारा मां बेटे को बुरी तरह पीटा गया जिस से दोनो बुरी तरह जख्मी हो गए जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी शैलेंद्र कुमार पटेल पुत्र लाल बहादुर पटेल ने सोरांव थाने में तहरीर देते हुए बताया कि प्रार्थी वा उसकी मां रामा देवी घांस काट रहे थे तभी गांव के ही अमर सिंह,सुनील कुमार, मक्खन पुत्र गण माता दीन वा सुशील कुमार पुत्र मक्खन वा माता दीन पुत्र बिंदेश्वरी एक राय हो कर ईट पत्थर वा लाठी डंडे से मारने पीटने लगे जिस से रामा देवी घायल।हो कर मौके पर ही बेहोश हो गई वा शैलेंद्र कुमार के सर वा अन्य जगहों पर गम्भीर चोट आई है स्थानीय लोगो द्वारा घायल महिला को आनन फानन में हास्पिटल ले जाया गया जहां हालत नाजुक होने की वजह से प्रयाग राज एसआरएन रिफर कर दिया गया वहीं सोरांव पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच पड़ताल करते हुए अग्रिम कार्यवाही कर रही है।



# अमेरिका की आतंकी घटनाएं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों के लिए गम्भीर खतरा

**देखा जाए तो आतंकवादी निरोधी उपाय करने में पूरी दुनिया कई हिस्सों में बंट चुकी है और सभी गुट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक-दूसरे के खिलाफ आतंकियों को शह दे रहे हैं, जिससे उनकी नृशंस करतूतें बेरोकटोक जारी हैं।**

दुनिया का थानेदार बन चुके अमेरिका में नए वर्ष पर एक के बाद एक हुए तीन आतंकी हमलों से न केवल अमेरिकी नागरिक बल्कि पूरी दुनिया में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की चाह रखने वाले लोग भी स्तब्ध हैं! क्योंकि ये घटनाएं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों के लिए गम्भीर खतरा बन चुकी हैं। कहना न होगा कि ब्रेक के बाद हुईं इन जघन्य आतंकी घटनाओं की पुनरावृत्ति से यह साफ हो चुका है कि आतंकवाद एक लाइलाज मर्ज बन चुका है। इसका माकूल इलाज करने में दुनियावी लोकतांत्रिक सरकारें व उनके मातहत प्रशासन अब तक इसलिए विफल है कि आतंकवाद उन्मूलन को लेकर उसके दोहरे मानदंड हैं। बता दें कि नए साल के जश्न के दौरान न्यू ऑरलियन्स में एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक भीड़ पर चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की। इस प्रकार अमेरिका में नए वर्ष का आरंभ तीन हिंसक हमलों से हुआ। पहला आंतकी हमला न्यू ऑरलियंस में बुधवार तड़के हुआ जिसमें अमेरिका के ही एक भूतपूर्व सैनिक ने जश्न मना रहे लोगों पर तेज रफ्तार पिकअप ट्रक चढ़ा दिया जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। वहीं, दूसरी आतंकी वारदात इसके कुछ ही घंटों बाद हुई, जब लास वेगास में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के होटल के बाहर एक टेस्ला साइबर ट्रक में विस्फोट हुआ जिसमें ट्रक में मौजूद व्यक्ति की मौत हो गई और सात घायल हो गए। जांचकर्ता इस विस्फोट की जांच आतंकी घटना के तौर पर ही कर रहे हैं और उन्हें इस घटना एवं न्यू आरलियंस की घटना के बीच लिंक भी मिला है। वहीं, तीसरी आतंकी घटना बुधवार को रात 11.20 बजे घटी। जिसमें न्यूयार्क में क्वीन्स के अमाजुरा नाइटक्लब के बाहर तीन से चार लोगों के समूह ने कम से कम 30 राउंड फायरिंग की। इसमें 16 से 20 आयुवर्ग के लड़के-लड़कियां घायल हुए हैं। किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। इस नाइटक्लब में हुई लक्षित फायरिंग में 11 लोग घायल हो गए।

उल्लेखनीय है कि न्यू ऑरलियंस में हमले को अंजाम देने वाला 42 वर्षीय शमशुद्दीन जब्बार टेक्सास निवासी अमेरिकी नागरिक है, जो अमेरिका सेना में काम कर चुका है। वह साल 2007 में सेना में शामिल हुआ था। वर्ष 2009 से 2010 तक वह



अफगानिस्तान में तैनात रहा था। जबकि वर्ष 2020 में उसने स्टाफ सार्जेंट की रैंक पर रहते हुए सेना छोड़ दी थी। उसके ट्रक के पिछले हिस्से से इस्लामिक स्टेट (आईएस) का झंडा मिला है। शुक्र है कि अमेरिकी पुलिस ने तत्काल ही मुठभेड़ में उसे मार गिराया था। अन्यथा वह और कई लोगों की जान ले लेता।

वहीं, एफबीआई का मानना है कि वह अकेला नहीं था बल्कि उसके साथ और भी लोग शामिल थे, जिनकी खोज में पुलिस जुटी हुई है। हैरत की बात है कि जांचकर्ताओं को जब्बार के वाहन से दो पाइप बमों समेत कई आईईडी भी मिली हैं। वहीं, सर्विलांस फुटेज से पता चला है कि तीन पुरुष एवं एक महिला इनमें से एक उपकरण को लगा रहे थे, लेकिन एफबीआई ने इसकी पुष्टि नहीं की। इस हमले के बाद नववर्ष के पहले दिन होने वाला शुगर बाउल गेम स्थगित कर दिया गया। उधर, लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर विस्फोट करने वाले टेस्ला के साइबर ट्रक के पिछले हिस्से में फायरवर्क मोर्टार और गैसोलीन के कनस्तर लदे थे। ब्राजील से लास वेगास आई एक प्रत्यक्षदर्शी अना ब्रूस ने बताया कि उसने तीन विस्फोटों की आवाज सुनी थी। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां न्यू ऑरलियंस के आतंकी हमले और लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबर ट्रक विस्फोट के बीच किसी भी संभावित कनेक्शन की जांच कर रही हैं। दोनों घटनाओं में इस्तेमाल किए गए वाहन एक कार रेंटल साइट %टुरो% से किराये पर लिए गए थे, जिससे अधिकारियों को दोनों घटनाओं के बीच संबंधों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया गया। हम लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर साइबर ट्रक के विस्फोट को ट्रैक कर रहे हैं।सोचने वाली बात तो यह है कि जब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ ने बातों ही बातों में दो टूक कह दिया कि उनके देश में आने वाले अपराधी देश में मौजूद अपराधियों से ज्यादा बुरे हैं, तो उनकी बातों को गम्भीरता से लिए बिना उनका मजाक उड़ाया गया। यदि समय रहते ही अमेरिकी प्रशासन संभल गया होता तो इन घटनाओं को टाला जा सकता था। नववर्ष 2025 जैसे मौके पर वहां ताबड़तोड़ हुई अकल्पनीय हिंसक वारदातें यह जाहिर कर चुकी हैं कि ट्रंफ गलत नहीं थे। वहीं, टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह आतंकवादी कृत्य है। फिर वह विश्वास पूर्वक कहते हैं कि यह आतंकवादी कृत्य है।देखा जाए तो आतंकवादी निरोधी उपाय करने में पूरी दुनिया कई हिस्सों में बंट चुकी है और सभी गुट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक-दूसरे के खिलाफ आतंकियों को शह दे रहे हैं, जिससे उनकी नृशंस करतूतें बेरोकटोक जारी हैं। चाहे अमेरिका हो या इजरायल, फ्रांस हो या जर्मनी, इंग्लैड हो या भारत, सभी देश किसी न किसी रूप में आतंकवादियों/अतिवादियों से जूझ रहे हैं। फिर भी खुले दिल से एक दूसरे का सहयोग नहीं कर पा रहे हैं और सवाल उठने पर अपनी-अपनी राजनयिक मजबूरियों का हवाला देते हैं।

वहीं, दूसरी ओर चाहे चीन हो या रूस, तुर्किये हो या ईरान, पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान, बंगलादेश हो या सीरिया, ऑस्ट्रेलिया हो या जापान, दक्षिण अफ्रीकी देश हों या दक्षिण अमेरिकी मुल्क, आतंकवाद निरोधी सबकी प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिकियों की देखा-देखी सबने अपने-अपने आतंकियों की फौज पाल ली है, ताकि वो अपना-अपना कारोबारी और राष्ट्रीय हित साध सकें। इसी का फायदा अरब देशों के शांतिप्रिय समुदाय को मिल रहा है। इस स्थिति ने दुनिया में इस्लामिक शासन और सरिया कानून को लागू करने के उनके मंसूबे को साकार कर दिया है। जिस तरह से वे लोग तुर्किये, ईरान और पाकिस्तान आदि की अगुवाई में संगठित होकर कदमताल भरते हुए आगे बढ़ रहे हैं, उससे साफ है कि चरित्र विहीन धर्मनिरपेक्षता देर-सबेर उनकी सांप्रदायिक जिद्द के सामने घुटने टेक ही देगी। अफगानिस्तान उनके लिए रोल मॉडल बन चुका है। बंगलादेश उनके लिए नया प्रयोगशाला बन चुका है। इन जैसे विभिन्न मुल्कों में आतंकियों की सरकारों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अमेरिका और भारत जैसे आतंकवाद पीड़ित देशों का भी समर्थन प्राप्त है, चाहे इन देशों की लाचारी जो भी हो।सच कहूं तो जिस तरीके से इस्लाम परस्त वीर बांकुड़े आतंकी रह-रह कर पूरी दुनिया में अपने नृशंस कारनामें दिखा रहे हैं, एक न एक दिन लोग भयजदा होकर उनकी अधीनता स्वीकार कर ही लें। जहां-तहां ऐसा हो भी रहा है।यही वजह है कि कथित लोकतंत्र की डींगें हांकने वालों और ढपोरशंखी धर्मनिरपेक्षता की शोर मचाने वालों को अब यह समझ में नहीं आ रहा है कि आतंक प्रेमी %शांतिप्रिय समुदाय% की बढ़ती नापाक वैश्विक आतंकी आकांक्षाओं यानी आतंकवाद के दबदबे वाले शासन-प्रशासन के स्वरूप को आखिर थामा कैसे जाए? क्योंकि आतंकवादियों के हौसले बुलंद हैं। चूंकि उनका शुभचिंतक देश पाकिस्तान, ईरान, तुर्किये, कनाडा आदि जैसे हैं। लिहाजा, अब ये भस्मासुर की तरह अमेरिका को ही भस्म करने पर उतारू हैं।

वैसे तो भारत और इजरायल जैसे देश उनके एजेंडे में बहुत पहले से हैं। चूंकि उनके मंसूबे अफगानिस्तान से लेकर बंगलादेश तक में सफल हो चुके हैं, इसलिए उन्हें अब रोक पाना संभव नहीं है। वो देर-सबेर पूरी दुनिया में इस्लामिक हुकूमत और सरिया कानून लागू करवा लेंगे, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष लोग उद्देश्य विहीन उपभोग में मस्त हैं। उनका समाजवादी लोकतंत्र, पूंजीवादी चोला ओढ़ चुका है। वह अपने निहित लाभ के लिए तरह-तरह के ÷मानवताद्रोही अर्थव्यवस्था÷ को बढ़ावा दे रहा है। इससे परेशान लोगों द्वारा आतंकवादियों/अतिवादियों/नक्सलियों को मदद मिल रही है। आलम यह है कि आजकल लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों परस्पर मिलकर हिंसा-प्रतिहिंसा का निर्यात कर रहे हैं और गैर जरूरतमंद देशों को भी इसके आयात के लिए बाध्य करते हैं। शांतिप्रिय समुदाय को यदि जियो और जीने दो का पाठ यह दुनिया नहीं पढ़ा पा रही है तो इसका सीधा मतलब है कि उसे सिर्फ कारोबारी लाभ से वास्ता है, भले ही वह बम-बारूद, कफ़न-ताबूत के कारोबार को ही बढ़ाकर क्यों नहीं हासिल की जाए। यह कड़वा सच है कि अबतक पिछले दरवाजे से दुनिया को आतंकवाद और सुरक्षा उपकरणों का निर्यात करने वाला अमेरिका अब खुद उनकी जद में आता जा रहा है, क्योंकि नाटो विरोधियों से उन्हें आर्थिक व नैतिक मदद मिल रही है।

## ये जड़ी पूरे शरीर में भर देगी जोश, बस छोटे से टुकड़े को एक कप दूध के साथ लें...अंग-अंग में दौड़ेगी ताकत!



**आयुर्वेदाचार्य की मानें तो, मूसली का सेवन महिलाओं एवं पुरुषों में बदन दर्द, शारीरिक तथा मानसिक दुर्बलता, त्वचा में निखार, पेशाब में जलन तथा रक्तचाप जैसी समस्याओं को बिना किसी साइड इफेक्ट के दूर करता है.**

. सफेद मूसली को मुख्य रूप से शारीरिक क्षमता बढ़ाने वाली जड़ी बूटी के रूप में जाना जाता है. आयुर्वेद के अनुसार यह सर्दियों के लिए काफी अच?छी औषधि है. महिला हो या पुरुष, स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं में इसका सेवन लाभदायक माना जाता है. पिछले 40 वर्षों से कार्यरत पतंजलि आयुर्वेदाचार्य भुवनेश पांडे ने सर्दियों में इसके सेवन तथा उससे होने वाले लाभ पर विशेष जानकारी साझा की है. आयुर्वेदाचार्य की मानें तो, मूसली का सेवन महिलाओं एवं पुरुषों में बदन दर्द, शारीरिक दुर्बलता, त्वचा में निखार, पेशाब में जलन तथा रक्तचाप जैसी समस्याओं को बिना किसी साइड इफेक्ट के दूर करता है.

1000 रुपए प्रति किलो बिकता है सफेद मूसली

बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले में सफेद मूसली की खेती बड़े स्तर पर की जाती है. ज़िले के मझौलिया प्रखंड निवासी कृषक रामाशंकर शर्मा बताते हैं कि औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में इसकी डिमांड खूब होती है. आम दिनों में भी बाजार में इसकी कीमत 1000 रुपए प्रति किलो के आस पास ही होती है. विभिन्न प्रकार की दवाईयों में इसका इस्तेमाल होने की वजह से विशेषकर सर्दियों में इसकी डिमांड बढ़ जाती है.

शरीर के दर्द एवं रक्तचाप को करता है संतुलित

आयुर्वेदाचार्य भुवनेश बताते हैं कि सर्दियों में यदि आपको अक्सर बदन दर्द की शि?कायत रहती है, तो प्रतिदिन सफेद मूसली की जड़ का सेवन फायदेमंद हो सकता है. ठंड की वजह से बढ़ने वाले रक्तचाप तथा गठिया के दर्द रोग में भी यह बेहद लाभकारी होता है.

शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलता दूर करने के लिए प्रसिद्ध

दुनिया भर में मूसली का सबसे ज्यादा उपयोग शारीरिक शिथिलता या दुर्बलता को दूर करने वाली आयुर्वेदिक दवाईयों को बनाने में किया जाता है. यदि आप इसके चूर्ण का सेवन आयुर्वेदिक तरीके से करते हैं, तो यह शारीरिक तथा मानसिक दुर्बलताओं को दूर कर नई ऊर्जा के प्रवाह में मदद करता है. सफेद मूसली के इस खास गुण की वजह से दवाई बनाने वाली कम्पनियों में इसकी डिमांड खूब रहती है.

महिलाओं के लिए भी फायदेमंद

पुरुष ही नहीं, महिलाओं के लिए भी मूसली बेहद लाभकारी होती है. यह उम्र के असर को कम कर सुन्दरता बढ़ाने में मददगार साबित होती है. इसके अलावे महिलाओं की अन्य प्रमुख समस्याओं में भी इसका सेवन फायदेमंद होता है.

पेशाब में जलन के लिए लाभकारी

जानकार बताते हैं कि पेशाब में जलन की शिकायत होने पर सफेद मूसली की जड़ को पीसकर यदि इलायची के साथ दूध में उबालकर पिया जाए, तो इससे बेहद लाभ हो सकता हो सकता है. ध्यान देने वाली बात यह है कि दिनभर में 5 ग्राम तक सफेद मूसली का सेवन उत्तम माना जाता है.

## संपादकीय

### निशाने पर मुजीब

बांग्लादेश में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है।

जिसकी शुरुआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके,लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है।दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा। दरअसल, यह सिर्फ सत्ता के केंद्र में आए व्यक्तियों की बयानबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि बांग्लादेश में मुजीब के चित्र वाले नोटों को भी चरणबद्ध तरीके से बंद करने की कुत्सित कोशिशें की जा रही हैं।

निश्चित रूप से गलत दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि तमाम निर्णय कहीं न कहीं राजनीतिक दुराग्रहों से प्रेरित हैं। इसके बावजूद कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार खुद को बार-बार अराजनीतिक कहने से नहीं चूकती। यहां उल्लेखनीय है कि जियाउर रहमान की विधवा और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, फिलहाल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की प्रमुख हैं।

जिसके साथ कार्यवाहक सरकार के मधुर रिश्ते हैं। वहीं सत्ता हासिल करने को बेताब बीएनपी चुनाव में हो रही देरी से भी बेचैन हो रही है। दरअसल, सरकार पर उन छात्र नेताओं का भी बड़ा दबाव है, जिन्होंने शेख हसीना के खिलाफ हुए आंदोलन का नेतृत्व किया था। जिसके बाद शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कालांतर उन्होंने भारत में शरण ली थी। असल में, छात्र नेता दबाव बना रहे हैं कि वर्ष 1972 के बांग्लादेश के संविधान को फिर लिखा जाए। वे संविधान को मुजीबिस्ट चार्टर बता रहे हैं। आरोप है कि इसी ने भारत की आक्रामकता का मार्ग प्रशस्त किया। निश्चित रूप से मुजीब विरोधी आख्यान और भारत विरोधी बयानबाजी मिलकर बांग्लादेश की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर पानी फेर सकती हैं।

## डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता चाहिए देश को

एक ओर हम मनमोहन सिंह के निधन के बाद उनके प्रति जनता को अपना दिल उड़ेलते हुए देख सकते हैं। दूसरी ओर, कड़वाहट का मार्ग है जिसमें किसी व्यक्ति को असभ्यता और उंगली की ओर इशारे से नीचे खींचने की हरकत है। यह स्पष्ट सत्य है कि सरकार ने एक स्मारक स्थल का नामकरण करने में देरी की ताकि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार एक सार्वजनिक श्मशान में किया जा सके। अगर उस गलती को स्वीकार कर लिया जाता है तो कोई विवाद नहीं होगा। सरकार इसे अभी भी ठीक कर सकती है।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पिछले सप्ताह 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डॉ. मनमोहन सिंह को तहेदिल से दी जा रही श्रद्धांजलि हमें और भी बहुत कुछ बताती हैं। यह उन खास गुणों को सामने ला रही हैं जिन्हें हम सभी लोगों में पसंद करते हैं, खासकर उन लोगों में जिन्हें हम नेता कहते हैं। ये वे गुण हैं जो 2014 में डॉ. सिंह के प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद से सत्ता पक्ष से गायब हो गए हैं।डॉ. सिंह के गुणों में शिष्टता, समझदारी, बोलने का संयमित तरीका, मानवीयता का दृष्टिकोण, सादगी और विनम्रता, लोगों की बात सुनने की भावना और चोट पहुंचा सकने वाले शब्दों का उपयोग करने से दृढ़ इनकार शामिल हैं। किसी का स्पष्ट अपमान करने में हिचकिचाहट और भले ही वह कड़वा सच जो दूर से कठोर लग सकता है, तो ऐसी कड़ी बात से त्वरित वापसी जैसे गुण उनमें थे। इनके अलावा तकनीकी ज्ञान, विशाल अनुभव और विनम्र पृष्ठभूमि के साथ आए उनके असंख्य बोनस गुणों पर विचार नहीं किया गया जिनके बलबूते उन्होंने अपने संघर्षमय जीवन की शुरुआत की।

क्या डॉ. सिंह में कोई कमियां नहीं थीं? निश्चित रूप से थीं। उनके बारे में इतिहास फैसला सुनाएगा और शायद जैसा कि डॉ. सिंह ने स्वयं एक बार कहा था, यह फैसला उन लोगों के दिए फैसले की तुलना में अधिक दयालु होगा जिन्होंने उन पर एक ऐसे प्रतिष्ठान की अध्यक्षता करने का आरोप लगाया है जो अपना रास्ता खो चुका है और जिसके कारण पहली बार, भाजपा सत्ता पर काबिज हो सकी। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके बाद इस पद पर आना विनाशकारी होगा।उन्होंने जनवरी 2014 में कहा- मैं ईमानदारी से मानता हूं कि श्री नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में होना देश के लिए विनाशकारी होगा%। विचार करें कि सिंह ने खुद इसे बाद में एक कठोर टिप्पणी के रूप में देखा और जब 2018 में उनसे मूल टिप्पणी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा =मैंने कहा था कि मोदी प्रधानमंत्री के रूप में एक आपदा होंगे। अब मुझे लगता है कि मैंने



एक कठोर शब्द का इस्तेमाल किया था जिसका मुझे इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। मैं इसे दोहराना नहीं चाहता। लेकिन वह समय दूर नहीं जब बड़े पैमाने पर जनता को मोदी जी द्वारा बनाई गई सार्वजनिक नीति के प्रभाव पर बोलने का मौका मिलेगा। यह बयान सबसे अलग है और शायद इतिहास में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के नाम की सबसे शालीन अस्वीकृति में से एक के रूप में अंकित रहेगा।इसकी तुलना उस अशोभनीयता से कीजिए जिसके साथ भाजपा डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर राजनीति खेल रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के निधन पर उनके अंतिम संस्कार को लेकर कथित तौर पर कांग्रेस पार्टी के खराब व्यवहार पर एक अनावश्यक विवाद को उठाने की कोशिश की जा रही है। मनमोहन सिंह के बाद के दौर में लगभग हर मुद्दे को सनसनीखेज, %बनावटी% या सांप्रदायिक बनाने की कोशिश की जाती है। नीतियां और योजनाएं अंडर-बेक्ड और नियंत्रण के बाहर हैं।

एक ओर हम मनमोहन सिंह के निधन के बाद उनके प्रति जनता को अपना दिल उड़ेलते हुए देख सकते हैं। दूसरी ओर, कड़वाहट का मार्ग है जिसमें किसी व्यक्ति को असभ्यता और उंगली की ओर इशारे से नीचे खींचने की हरकत है। यह स्पष्ट सत्य है कि सरकार ने एक स्मारक स्थल का नामकरण करने में देरी की ताकि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार एक सार्वजनिक श्मशान में किया जा सके। अगर उस गलती को स्वीकार कर लिया जाता है तो कोई विवाद नहीं होगा। सरकार इसे अभी भी ठीक कर सकती है।

सामान्यतः यह कहा जाता है कि नेताओं की मौजूदगी होनी चाहिए और अक्सर वे उस विरासत के बारे में चिंतित होते हैं जो वे पीछे छोड़ते हैं। दरअसल यह एक ऐसा सवाल है जिस पर सभी लोगों को अपने जीवन में किसी मौके पर विचार करना ही होता है। रोजमर्रा के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग किए जाने वाले एक अभ्यास में अक्सर प्रतिभागियों को उनकी मृत्यु की कल्पना करने के लिए कहा जाता है; और फिर वे यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि वे अपने अंतिम संस्कार में क्या पसंद कर सकते हैं। जवाब का ज्यादातर सत्ता, धन, नस्ल, धर्म या जाति से कोई लेना-देना नहीं है। आपको किस लिए याद किया जाएगा? एक ऐसा प्रश्न है जो उन उत्तरों को ट्रिगर करता है जो ज्यादातर सेवा, मानवता और कनेक्शन से संबंधित होते हैं। यह एक्सरसाईज स्टीफन आर. कोवे के बेस्टसेलर (अत्यधिक प्रभावी लोगों की 7 आदतेंकी पुस्तक से है। यह एक्सरसाईज लोगों को उद्देश्य खोजने, अधिक सार्थक रूप से जीने और अपने साथी-सहयोगियों के प्रति देखभाल की समझ विकसित करने में मदद कर सकती है।

जब पर्दा गिरेगा तब तुच्छ और बड़बोलेपन से दूर एक हकीकत सामने आएगी जो एक शाश्वत कहानी है- भव्यता को शालीनता मात देती है, साधारण कुर्ता फैशनेबल कपड़ों को पछाड़ देगा और मेजें थपथपाने, छाती पीटने या एक लाईन की टिप्पणियों के शोर-शराबे में एक छोटा सा काम अपने आप उभरकर सामने आएगा।हम नए साल में कदम रख रहे हैं लेकिन कुछ घटनाएं वैश्विक स्तर पर प्रभावी होती हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता जिमी कार्टर का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कार्टर और 20 जनवरी, 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रम्प के बीच अनोखा विरोधाभास है। इजरायल पर कार्टर की स्पष्ट और सुसंगत नीति, फिलिस्तीनियों के अधिकारों के लिए उनकी लड़ाई या राष्ट्रपति बनने से पहले अमेरिकी लोगों के लिए उनके शब्दों पर विचार करें- अगर मैं कभी आपसे झूठ बोलता हूं, अगर मैं कभी भी भ्रामक बयान देता हूं तो मुझे वोट न दें। तब मैं आपका राष्ट्रपति बनने के लायक नहीं हूं।यह हकीकत है कि कार्टर अगला चुनाव रोनाल्ड रीगन से हार गए। मनमोहन सिंह भी दो कार्यकाल के बाद मोदी से हार गए। दोनों मामलों ने राजनीति का स्वरूप तय किया। फिर भी, उनके जाने के लंबे समय बाद ये नेता लोगों के दिल, दिमाग और इतिहास की किताबों में विजेता के रूप में खड़े होंगे।

# राष्ट्र के विकास में मुक्त विश्वविद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण- कुलपति

## मुक्त विश्वविद्यालय में कुलपति ने किया ध्वजारोहण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश में लोगों को शिक्षा प्रदान कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है।



विश्वविद्यालय की स्व अध्ययन पाठ्य सामग्री सर्वश्रेष्ठ पाठ्य सामग्री है। उन्होंने सभी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि जुलाई सत्र के लिए सभी विषयों में 100% स्व अध्ययन सामग्री शिक्षार्थियों को देने के लिए अभी से तैयार कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय को पूरे प्रदेश में सेवा करने का अवसर मिला है। पूरे प्रदेश में हमारे विद्यार्थी मुक्त विश्वविद्यालय के नाम को आगे बढ़ा रहे हैं। शिक्षार्थियों की सेवा विश्वविद्यालय के लिए सर्वोपरि है।

प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्व में भारत पहला राष्ट्र है, जहां गणतंत्र की स्थापना सबसे पहले हुई। हमें लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखना है। भारत को कई वर्ष तक कठिनाइयों से गुजरना पड़ा। राष्ट्र के विकास में कई महापुरुषों का अमूल्य योगदान है।

विश्वविद्यालय की छात्रा आयुषी त्रिपाठी के राज भवन में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर आयोजित कविता पाठ में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्होंने घोषणा की कि आयुषी की आगे की शिक्षा का शुल्क विश्वविद्यालय वहन करेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के शोध छात्रों से कुम्भ क्षेत्र में जाकर ज्ञानार्जन की अपील की। उन्होंने रिसर्च गाइड से अपने शोध छात्रों को महाकुंभ की भव्यता का वर्णन करने के लिए उत्प्रेरित करने की अपील की। इसके साथ ही कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने महाकुम्भ के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रारम्भ किए गए कुम्भ अध्ययन में प्रमाण पत्र कार्यक्रम में बम्पर छूट प्रदान करते हुए प्रवेश शुल्क मात्र ?500 करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के इस अवसर पर इस सुविधा का लाभ हजारों लाखों लोग एक साथ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी के अवसर पर देशभर से आने वाले स्नानार्थियों को अपने शिविर में ठहराने के लिए तत्पर है। जिसके लिए विश्वविद्यालय ने पर्याप्त व्यवस्था की है। इस अवसर पर कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## इफको में ध्वजारोहण दौरान बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर बिखेरा जलवा- संघानी

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर इफको के अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर दिया किसानों के नाम संदेश



**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर । इफको ने न केवल किसानों की आय बढ़ाने में योगदान दिया है बल्कि सहकारी आंदोल**न को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचने का कार्य भी किया है। उन्होंने कहा कि इफको ने विश्व में पहली बार नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का आविष्कार कर इफको सहकार से समृद्धि के सपने को साकार करते हुए देश के यशस्वी प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को भी साकार कर रहा है।यह बातें इफको फूलपुर इकाई में 76वे गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित किसानों, कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए इफको संस्था के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि इफको हमेशा किसानों के हित में प्रतिबद्ध है। इफको ने नैनो यूरिया व डीएपी का आविष्कार कर देश के लिए नया दृष्टिकोण अपनाया है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता के क्षेत्र में भारत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। श्री संघानी ने कहा कि 145 वर्षों में पहली बार भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारी संघ के कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हुआ जिसमें 110 देश के प्रतिनिधियों ने इफको की मेजबानी से गौरवांवित महसूस किया। कहा कि इफको भारत देश के पड़ोसी देशों में भी नैनो यूरिया व डीएपी बेचकर मुनाफा कमा रहा है। देश के विकास में सहकारी संस्थाएं मिल का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ सनातन पर्व के लिए इफको की प्रतिबद्धता को भी उल्लेख करते हुए सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया।इस मौके पर इफको संस्था के अध्यक्ष श्री संघानी की धर्मपत्नी गीता संघानी ने आए हुए किसानों व महिला ग्राम प्रधानों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। ओम बाल विद्या मंदिर व केंद्रीय विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति व गुजराती और मराठी नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में फूलपुर इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया, एच आर प्रमुख शंभू शेखर, अधिकारी संघ के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, महामंत्री स्वयं प्रकाश, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय महामंत्री विजय कुमार यादव इफको कार्डेट के प्रधानाचार्य डाक्टर हरिश्चंद्र ,मुकेश तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।संचालन शरद अग्निहोत्री ने किया।

## भुगतान न होने पर मिल को गन्ना सप्लाई बंद

### बिजनौर में गन्ना किसानों के महापंचायत का ऐलान

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर! बिजनौर** के बिलाई स्थित बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड शुगर मिल पर गन्ना भुगतान को लेकर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के नेतृत्व में किसानों ने मिल प्रबंधन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए 30 जनवरी तक गन्ने की आपूर्ति पूरी तरह से रोकने का निर्णय लिया है।किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जो किसान इस दौरान मिल में गन्ना आपूर्ति करेंगे। उन्हें चिह्नित किया जाएगा। साथ ही 30 जनवरी को बिलाई मिल पर महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के पदाधिकारियों ने सभी किसान साथियों से आग्रह किया है। वे इस आंदोलन में एकजुट होकर सहयोग करें



इस प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी, जिला अध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, अल्पसंख्यक जिला अध्अयक्ष परवेज मुल्तानी, युवा जिला अध्यक्ष आकाश डवास, सिकंदर रजा, जिला प्रभारी मोहम्मद इमरान, महासचिव परविंदर कुमार और मुस्तकीम अंसारी समेत सैकड़ों किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।

## सीएचसी प्रभारी ने राष्ट्र ध्वज फहराकर आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को किया नमन

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केंद्र के अधीक्षक डॉ मो सऊद ने राष्ट्र ध्वज फहराकर आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को नमन किया।पर्व के अवसर पर अधीक्षक डॉ मो सऊद द्वारा अस्पताल कर्मचारियों को गरमा –गरम हलुआ व दमआलू का जलपान कराया गया साथ ही परिषदीय विद्यालय के बच्चों को बिस्किट व टॉफी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रदीप सिंह, डॉ संतोष श्रीवास्तव, रामभवन शर्मा, रामनरेश पटेल, सर्वेश कुमारी, काजल यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अझुवा में 110 बोरी धान उठा ले गए चोर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 8 जी टी रोड अ झु वा स्थित किसान से**वा समिति के हाल में रखा 80 बोरी मंसूरी किस्म का धान अज्ञात चोर उठा ले गए सुबह जब कर्मचारी पहुंचे तो चोरी की सूचना चौकी पुलिस में दी गई है सचिव हुकुम सिंह यादव ने बताया 26 जनवरी को अवकाश के दरम्यान बीती रात को कैम्पस के अंदर हाल में रखा धान की 80 बोरी चोर उठा ले गए ।सचिव हुकुम सिंह ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है वहीं रमेश ट्रेडर्स ने चौकी पुलिस को तहरीर देते हुए बताया बीती 25 जनवरी की रात को हनुमंत गली जी टी रोड अ झु वा पेट्रोल पंप के पास से अज्ञात चोर 30 बोरी धान चोर उठा ले गए हैं चौकी पुलिस तहरीर लेकर चोरों की तलाश में जुट गई है।

## गरुण पाण्डेय बने उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी। गरुड़ पाण्**डेय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के कौशांबी का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय ने गरुड़ पाण्डेय को बधाई दी है। सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय को धन्यवाद दिया है। गौरव पाण्डेय ने कहा कि गरुण पाण्डेय संघर्षील कार्यकर्ता है जो पार्टी के हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं। मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि आपके देखरेख में कौशांबी में सेवा दल को मजबूती मिलेगी । सेवादल का जिला अध्यक्ष बनने पर गरुड़ पाण्डेय ने सभी कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया !

## गणतंत्र दिवस पर शहर से लेकर गांव तक रहा उत्साह

### सरकारी और प्राइवेट संस्थानों में किया गया ध्वजारोहण, विद्यालयों में रहा संस्कृत कार्यक्रम का धूम





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** जिलेभर में गांव से शहर तक गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह- जगह तिरंगा फहराया गया। स्कूल व कॉलेजों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सत्यम शिवम शुभम ग्रुप आफ इंस्टीटूशन्स टिकरी में चेयरमैन संजय शुक्ला व निर्देशक राजकुमारी शुक्ला ने ध्वजारोहण किया।

नवाबगंज के रामदुलारी बच्चूलाल महाविद्यालय में प्रबंधक लक्ष्मीनारायण जायसवाल ने तिरंगा फहराया। यहां प्रधानाचार्य अमर सिंह पटेल रहे। रामयश कॉलेज नवाबगंज में प्रबंधक संगम मिश्रा ने तिरंगा फहराया। यहां प्राचार्य डॉ. केएन श्रीवास्तव, डॉ. कंचन दुबे महाविद्यालय निदेशक विवेक मिश्रा रहें। प्रांजल पब्लिक स्कूल कसारी नहर कौड़िहार में प्रबंधक डॉक्टर आर के मिश्रा व प्रधानाचार्य अर्चना पांडेय ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार नवाबगंज थाने में थानाध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उपनिरीक्षक रीना गौतम, नीरज कुशवाहा, प्रमोद दुबे,जय प्रकाश सिंह, श्याम सुंदर दुबे, मनीष पांडेय, आदि पुलिसकर्मी शामिल रहें।

## पति-पत्नी समेत 3 वांछित गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**





**बाराबंकी। एसपी के निर्देश** पर वांछित आरोपियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर महिला समेत तीन आरोपी को गिरफ्तार किया।

थाना बदोसराय पुलिस टीम द्वारा दो वांछित अभियुक्तगण बेचनलाल पुत्र सूर्यलाल , सुषमा पत्नी बेचनलाल निवासीगण दनापुर शुक्ल थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा पाक्सो एक्ट वांछित अभियुक्त हरिओम मिश्रा पुत्र श्रीचन्द निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

## आजादी में अपना अमूल्य योगदान देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए चेयरमैन ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**






**कौशांबी। नगर पंचायत** दारानगर कड़ाधाम कार्यालय में रविवार को गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी ने कार्यालय परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराकर देश की आजादी में अपना अमूल्य योगदान देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी व अधिशाषी अधिकारी संजय तिवारी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार नगर अध्यक्षा ने कड़ा स्थित शहीद गुलाब चन्द्र सविता के स्मारक स्थल पर भी ध्वज फहराया।उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सलामी दी।नगर अध्यक्षा ने शहीद की पत्नी शांति देवी को अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।इस दौरान भारत माता की जय-शहीद गुलाब चन्द्र सविता अमर रहे के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।इस अवसर पर उदय नारायण पांडेय, शोएब खान, राहुल कुशवाहा, इदरीस अहमद, अजीत पटेल, अवध पटेल, गोलीदीन, राकेश पांडेय, अनिल यादव, शिवम मिश्रा, विपिन सोनकर, शिवम मौर्या, सुजीत कुमार, अभिषेक मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

## शिवशंकर बने अध्यक्ष, जयमणि त्रिपाठी को बनाया महामंत्री

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी। राष्ट्रीय जन**उद्योग व्यापार संगठन दारानगर की एक बैठक रविवार को केसरवानी धर्मशाला मे हुई

जिसमे जिला एवं नगर संगठन का गठन हुआ। जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी की अध्यक्षता मे हुई बैठक में जिला उपाध्यक्ष हेतु तनिष्क केसरवानी, दिरगज मौर्य, सचिन साहू व अंकित केसरवानी का आम सहमति से घोषणा हुई साथ ही नगर गठन में शिवशंकर केसरवानी को अध्यक्ष, जयमणि त्रिपाठी को महामंत्री, अरविंदमणि त्रिपाठी को संगठन महामंत्री, राजिश जैदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक सोनी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।युवा व्यापार संगठन का भी नगर के व्यापारियो की मांग पर नगर के योगेश केशरवानी को अध्यक्ष, नितिन केशरवानी को महामंत्री, कुलदीप केशरवानी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ऋषभ केशरवानी को संगठन महामंत्री व दिव्याशु साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद केशरवानी ने बताया कि जनपद के 50 नगरो मे राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन की घोषणा जल्द ही किया जायेगा।सभी नगरो मे राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन व्यापारिक हितार्थ कार्य कर रहा है। सदस्यता शुल्क के नाम पर वसूली नही किया जायेगा। कोषाध्यक्ष का पद संगठन मे नही होगा।धनार्जन नही किया जायेगा।यदि सदस्यता शुल्क कि मांग कोई करता है तो उसकी शिकायत किया जाये। जनपद के सभी व्यापारी संगठन के सदस्य है सम्भव सहयोग सभी के आवश्यकतानुसार किया जायेगा। सरकार की नीतियो को जन जन तक संगठन के पदाधिकारी पहुचाने का काम करेंगें।नगर की बैठक में धर्मेंद्र कुमार, प्रज्वल कुमार, विक्रम ,प्रदीप साहू, मंत्री नौसाद अहमद, रमेश , हिमांशु, शिवम केसरी समेत अनेक नगर के सम्मानित व्यापारी उपस्थित रहे।

## पिरामल फार्मा ने ब्रांड लिटिल के लिए यामी गौतम को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

**नोएडा।** पिरामल फार्मा लिमिटेड के इंडिया कंज्यूमर हेल्थकेयर (आईसीएच) ने आज अपने प्रमुख बेबी केयर ब्रांड, लिटिल के लिए अपने नए अभियान, स्विच टू सॉफ्टर की शुरूआत की घोषणा की। इस अभियान में अभिनेत्री यामी गौतम को ब्रांड के नए एंबेसडर के रूप में दिखाया गया है।



# मौनी अमावस्या के महापर्व पर प्रयागराज रेल मण्डल के स्टेशनों पर लागू होगी विशेष व्यवस्था

## प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी, सूबेदारगंज में मौनी अमावस्या पर कैसे कर सकेंगे प्रवेश, मौनी अमावस्या के महापर्व पर १० करोड़ लोगों के प्रयागराज आने का है अनुमान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महापर्व महा**कुम्भ का दिव्य-भव्य आयोजन प्रयागराज में संगम तट पर हो रहा है। महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने प्रति दिन लाखों, करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। महाकुम्भ में अब तक १३ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। आगमी २९ जनवरी को महाकुम्भ के सबसे बड़े अमृत स्नान मौनी अमावस्या की तैयारी हो रही है। मौनी अमावस्या के पर्व पर १० करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रयागराज रेल मण्डल ने भी विशेष प्रबंध किये हैं। मौनी अमावस्या पर्व के दिन प्रयागराज रेल मण्डल ने शहर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने और जाने के लिए विशेष योजना बनाई है।

मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर लगभग १० करोड़ लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है। २५ जनवरी से ही लगभग १ करोड़ यात्री प्रतिदिन महाकुम्भ में आने लगे हैं। इतनी भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी सुगम निकासी के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने शहर के सभी स्टेशनों के लिए विशेष योजना और कुछ प्रतिबंध लागू किये हैं। ये प्रतिबंध मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के एक दिन पहले और दो दिन बाद तक लागू रहेंगे। मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के दिन प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफॉर्म नं.-१ की ओर से दिया जाएगा। निकास केवल सिविल लाइंस साइड, प्लेटफार्म न. ६ की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट रिजर्व है उन्हें सिटी साइड के गेट नंबर ५ से अलग से प्रवेश दिया जाएगा। जबकि अनारक्षित यात्रियों को दिशावार कलर कोडेडे आश्रय स्थलों के माध्यम से प्रवेश कराया जाएगा। टिकट के लिए आश्रय स्थलों में ही अनारक्षित टिकट काउंटर, ए.टी.वी.एम और मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था रहेगी। भीड़ के अतिरिक्त दबाव का प्रबंधन करने के लिए खुसरो बाग में १ लाख लोगों के ठहरने के लिए होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है।

### नैनी, छिवकी, सूबेदारगंज स्टेशनों के लिए विशेष कार्य योजना

मौनी अमावस्या पर्व पर नैनी जंक्शन में प्रवेश केवल स्टेशन रोड से और निकास केवल मालगोदाम की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों को गेट नंबर २ से अलग से प्रवेश दिया जाएगा। वहीं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश केवल प्रयागराज-मिजार्पुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से औरनिकास केवल जी.ई. सी नैनी रोड की ओर से होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर २ से प्रवेश करेंगे। सूबेदारगंज स्टेशन में प्रवेश झलवा, कौशाम्बी रोड की ओर से होगा जबकि निकास केवल जी.टी. रोड की ओर होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर ३ से प्रवेश करेंग। अनारक्षित यात्रियों के लिए सभी स्टेशनों पर दिशावार कलर कोडेड आश्रय स्थल बनाये गये हैं। जहां से यात्रियों को उनके जाने के गतव्य स्टेशन के मुताबिक आश्रय स्थलों में अलग-अलग कलर के टिकट के हिसाब से प्लेटफार्म में पहुंचाया जाएगा। जहां से नियमित और मेला स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुचांया जाएगा।

## पूज्य तुलसीपीठाधीश्वर जगतगुरू श्री स्वामी रामभद्राचार्य जी को मिले भारत रत्न - पंकज प्रधान




सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। जहां उनका कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। गोपाल राय सबसे पहले विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव पंकज प्रधान के आवास सराय जयराम थाना नवाबगंज पहुंचे। जहां उन्होंने पंकज प्रधान के पिता का हालचाल जाना। इसके बाद वह महाकुंभ के लिए रवाना हुए। कार्यकताओं द्वारा, कौड़िहार, हथिगहां, गद्दोपुर, तेलियगंज, मजार चौराहा सहित कई स्थानों पर स्वागत किया गया। महाकुंभ में गोपाल राय, पंकज प्रधान, नीरज मिश्रा सहित पदाधिकारियों ने सधु संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने पूज्य तुलसीपीठाधीश्वर जगतगुरू श्री स्वामी रामभद्राचार्य जी को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग को लेकर रैली निकाली। साथ ही वह धर्म संवाद मे शामिल होकर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने और सनातन बोर्ड बनाने की मांग की। परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने महाकुंभ में लोगों को जगरूक करने के लिए टीम बनाई है, जो क्षेत्रों में भ्रमण कर हिंदू धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। पंकज प्रधान ने कहा कि विभिन्न हिंदू धार्मिक नेताओं को आगे आकर सनातन बोर्ड के गठन की मांग उठानी चाहिए। अगर हिन्दूओं को अपना धर्म बचाना है तो सनातन धर्म जरूरी है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता पूरे देश में हिंदूओं को जगाएंगे क्योंकि सनातन बोर्ड बनाने का यह सही समय आ गया है। सनातन बोर्ड बनाना हमारा अधिकार है। उन्होंने वक्फ बोर्ड की आलोचना करते हुए कहा, वक्फ बोर्ड ने पूरे देश पर कब्जा कर लिया है। कुछ मूर्खों ने दावा किया है कि कुंभ की भूमि भी उनकी है। अब सनातन बोर्ड की जरूरत है। अगर हम आज एकजुट होकर राष्ट्र की रक्षा नहीं करेंगे, तो समस्या खड़ी हो जाएगी। सनातन बोर्ड का गठन जरूरी है। हम अपने परिवारों के लिए सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सनातन बोर्ड की मांग कर रहे हैं। इसकी मांग करने वाले सभी लोग क्रांतिकारी हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार ईनामी, गैंगस्टर एक्ट वांछित दो गिरफ्तार





**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पच्चीस** पच्चीस हजार रुपए के ईनामी और गैंगस्टर एक्ट के दो शातिर बदमाश मुठभेड़ के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गए। खागा क्षेत्रांर्तगत बहद ग्राम बुधवन मोड़ के पास पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हुई। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक कारतूस 315 बोर, 800 रुपये नगद, दो मोबाइल फोन व एक मोटर साइकिल बरामद हुई है। खागा और सुल्तानपुर घोष थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बीती रात थाना सुल्तानपुर घोष पर पंजीकृत मु0अ0सं0 77/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के वांछित 25-25 हजार रुपए के पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की तलाश में प्रभारी निरीक्षक थाना खागा मय हमराह व थानाध्यक्ष सुल्तानपुर घोष मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु बुधवन मोड़ से बुधवन गांव की तरफ लगभग 400 मीटर थाना खागा पर चेकिंग की जा रही थी। पुलिस के अनुसार,चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल से दी लोग आते दिखे। संदिग्ध प्रतीत होने पर रोकने का प्रयास किया गया। इस पर तेजी से गाड़ी वापस भगाने का प्रयास किया, तो कच्चे रास्ते पर फिसल कर बाइक सहित गिर पड़े। अपने आप को घिरता देख पुलिस की तरफ लक्ष्य कर फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में मो० इरफान पुत्र स्व० अब्दुल सलाम निवासी ग्राम इजूरा बुजुर्ग थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर के बाये पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसको पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु जिला अस्पताल फतेहपुर ले जाया गया। हसमत अली पुत्र पितामबर निवासी कुड़ी मोहल्ला थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया।

# वसुधैव कुटुंबकम् की भावना लेकर चलता है सनातन धर्मः सीएम योगी

### सद्भावना सम्मेलन भी सनातन की परम्परा और मूल्यों को लेकर चल रहा है : योगी

### संत जब राजनीति में होता है तो राजनीति भी निष्काम और पवित्र हो जाती है बोले सतपाल महराज



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। यूपी के सी**एम योगी आदित्यनाथ अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद मानव उत्थान सेवा समिति के सद्भावना सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे। सम्मेलन में पहुंचकर सीएम ने वहां मौजूद श्रृद्धालुओं को संबोधित किया।

सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सतपाल महराज के गुरुदेव एक सिद्ध योगी थे, उनकी साधना ने भारत के सनातन धर्म की पवित्र परम्परा से आगे बढ़कर मानव कल्याण का जो मार्ग प्रशस्त किया उसी परम्परा का निर्वहन करते हुए देश और दुनिया में सनातन धर्म के मूल्यों को को पूरी मजबूती के साथ स्थापित करने का काम सतपाल महराज इस सद्भावना सम्मेलन के माध्यम से कर रहे हैं। सनातन धर्म यह तेरा या मेरा का संकुचित भाव लेकर नहीं चलता बल्कि वसुधैव कुटुम्ब की भावना लेकर चलता है और उसी सद्भावना का संदेश पूरी मानवता को लिए देने के लिए सनातन धर्म आगे बढ़ रहा है।

जब पूरी दुनिया में मानवता कराह रही है, तब सनातन धर्म विश्व मानवता को एक मार्ग दिखा सकता है और यह मार्ग इस सद्भावना सम्मेलन के माध्यम से, इस सम्मेलन में उपस्थित समुदाय और उपस्थित श्रद्धालुओं के माध्यम से मिल सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपने व्यस्त कार्यक्रम के समापन के बाद सीएम योगी सद्भावना सम्मेलन में हिस्सा लेने गए। मुख्यमंत्री ने सद्भावना सम्मेलन के उद्देश्यों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि मानवता की सेवा ही असली महाकुंभ है। अपने संबोधन में सीएम ने यह भी बताया कि वह अपने आज के इस दौरे में एयरपोर्ट पहुंच गए थे स्टेट प्लेन में बैठने जा रहे थे तभी उन्होंने सतपाल महराज से बात की तो पता चला कि उनका कार्यक्रम अभी चल रहा है जिसके बाद वह एयरपोर्ट से वापस लौट आए और इस सम्मलेन में उनके साथ शामिल हुए। सम्मलेन में सतपाल महाराज के अलावा मां अमृता रावत और स्टॉल महराज के बेटे विभु और सुयश महराज भी मौजूद रहे। यूपी के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी उनके साथ थे। इस अवसर पर बोलते हुए सद्गुरु सतपाल महराज ने दिव्य और भव्य महा कुम्भ की व्यवस्था की सराहना करते हुए सीएम योगी का जिक्र किया और कहा कि संत जब राजनीति में होता है तो राजनीति निष्काम और पवित्र हो जाती है।

## डीसीपी गंगानगर ने सोरांव और डीसीपी नगर ने कोतवाली में किया ध्वजारोहण





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। 76वें ग**णतंत्र दिवस पर पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने थाना सोरांव में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण को भारतीय संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाकर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं ज्ञापित कर देश सेवा, जनसेवा हेतु उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव व अन्य पुलिस अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी प्रकार पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने कोतवाली में ध्वजारोहण कर सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण को भारतीय संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाकर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं ज्ञापित कर देश सेवा, जनसेवा हेतु उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा मिष्टान्न वितरण किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मेघालय में तैनात CRPF जवान की ब्रेन हेमरेज से मौत

### धामपुर लाया गया जवान का पार्थिव शरीर, शोक में डूबा गांव

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर! मेघालय में** तैनात सीआरपीएफ के 48 वर्षीय जवान मुकेश कुमार की ब्रेन हेमरेज के कारण मृत्यु हो गई। मुकेश बिजनौर जिले के कादराबाद क्षेत्र के गांव मीरापुर के निवासी थे। थान सिंह के पुत्र मुकेश की मृत्यु 25 जनवरी की देर शाम को सैनिक अस्पताल में उपचार के दौरान हुई।जब मुकेश को ब्रेन हेमरेज हुआ, उनके साथी जवानों ने तुरंत उन्हें सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। जवान की मृत्यु की सूचना मिलते ही परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। 158 बटालियन के 14 जवानों की एक टुकड़ी सोमवार को मृतक जवान का पार्थिव शरीर लेकर उनके पैतृक गांव पहुंची। मुकेश का अंतिम संस्कार कालागढ़ में किया जाएगा। एक जवान की असमय मृत्यु से न केवल परिवार बल्कि पूरा गांव शोक में डूब गया है।



## महंत कुलशेखराचार्य का पट्टाभिषेक, बने जगदगुरू



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। श्री** लक्ष्मी नारायण मंदिर तुलारामबाग प्रयागराज का शिविर महाकुंभ के नागवासुकी - तुलसी चौराहा पर लगा है। महंथ स्वामी कुलशेखराचार्य महाराज का जगदगुरू पद पर पट्टाभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्षता स्वामी घनश्यामाचार्य जी महाराज ने किया। पट्टाभिषेक कार्यक्रम में जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज अयोध्या, स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज, जगद्गुरुविद्या भास्कर स्वामी जी महाराज अयोध्या, जगद्गुरु स्वामी विश्वेश्वर प्रणाचार्य जी महाराज सुग्रीव किला अयोध्या, महामंडलेश्वर स्वामी जन्मेजा शरण जी महाराज अयोध्या, पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम जी महाराज चरखी दादरी, स्वामी रामेश्वर आचार्य जी महाराज बड़ा खटला, स्वामी अच्युतप्रपन्नाचार्य जी महाराज वेदांतदेसी, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज सुल्तानपुर गोलाघाट, जगद्गुरु डा कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य महराज, स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महराज सहित बड़ी संख्या में संत और शिष्यगण शामिल हुए।

## आईसीएलएम संस्था ने आयोजित कराया विद्यारंभ संस्कार

**बहराइच।** शहर के कंप्यूटर सेंटर आईसीएलएम में शनिवार को विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ओ लेवल के बच्चों को आईसीएलएम संस्था द्वारा कक्षाएं प्रारंभ कराई गईं।आईसी एल एम के डॉयरेक्टर सूरज शुक्ला द्वारा विद्यारंभ कार्यक्रम कर बच्चों को बैग डॉयरेक्टर ने बताया कि संस्था 2015 से लगातार बहराइच में कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं।

## राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2025 का अवध शिल्प ग्राम में भव्य आयोजन विकास और विरासत पर जोर, कृषि व पर्यटन को एक साथ लेकर चलेंगे-मंत्री जयवीर सिंह

**लखनऊ**

**राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर** पर राजधानी लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अपने संबोधन में पर्यटन के महत्व और विकास के लिए विभाग द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। मंत्री ने कहा, कि उत्तर प्रदेश अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के लिए पूरे देश और दुनिया में विख्यात है। मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन क्षेत्र को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कृषि और पर्यटन को मिलकर एक नई राह पर चलने की बात कही।

राज्य में एग्री और रूरल टूरिज्म पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक लाख ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का जो लक्ष्य रखा है, उसमें पर्यटन का अहम योगदान होगा। हमारा विश्वास है आदरणीय प्रधानमंत्री जी के पांच ट्रिलियन इकॉनमी लक्ष्य में पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आजादी के 100वें साल में अर्थात 2047 तक अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश पर्यटन महती भूमिका निभाएगा।

मंत्री जयवीर सिंह ने कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए कहा, आज के बदलते दौर में कृषि और पर्यटन साथ मिलकर बढ़ रहे हैं। एग्रो टूरिज्म आने वाले समय में नई ताकत देंगे, यह पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा, समय आ गया है कृषि में योगदान देने वाले किसान अब पर्यटन में भी अहम भूमिका निभाएं। पर्यटन नीति के तहत होम स्टे की ओर कदम बढ़ाने वाले किसानों को रियायत दिए जाएंगे। ऐसे किसानों का स्वागत है। जयवीर सिंह बोले, कोरोना महामारी के बाद लोगों ने गांव का रुख किया तो प्रकृति की महत्ता को समझा। किसान पर्यटन विभाग के साथ जुड़कर काम करें तो उनका भी भला होगा और एग्रो टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।जयवीर सिंह बोले, उत्तर प्रदेश की आबादी 24 करोड़ है। 2017 में हमारी सरकार आने के बाद कानून-व्यवस्था के साथ अन्य क्षेत्रों में बड़े स्तर पर बदलाव हुए। राज्य का कायाकल्प हुआ है। दंगाइयों के प्रदेश को उत्तम प्रदेशश बनाने में मजबूत फैसले लिए, जिससे देश-दुनिया के लोगों की अवधारणा बदली। उत्तर प्रदेश पर्यटन आज ऐसी यात्रा पर निकल पड़ा है जिसमें गांव प्राथमिकता पर है। यूपी टूरिज्म नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हम आगे भी विरासत और विकास को साथ लेकर बढ़ेंगे।

कार्यक्रम में निम्नलिखित लोगों के बीच पुरस्कार वितरण बेस्ट टूरिज्म सेल्हा गांव, पीलीभीत को, और ब्रॉन्ज पुरस्कार बुढ़ादाना गांव, औरैया को मिला।



## राष्ट्रीय खेल के लिये यूपी का दल उत्तराखंड रवाना

एजेंसी
लखनऊ। उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीमों की रवानगी शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत भव्य विदाई के साथ हुई। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने ओलंपिक ध्वज दिखाकर उत्तर प्रदेश के दल को रवाना किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी ने मौजूद खिलाड़ियों को किट प्रदान कर उत्तर प्रदेश दल को किट वितरण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में खेलों को अभूतपूर्व सुविधाएं प्रदान की जा रही है। प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में भी खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि बेहतरीन तैयारियों के चलते उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी इस बार अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को अपने प्रेषित शुभकामना संदेश में कहा कि आप सभी मेहनत और लगन के साथ खेलते हुए प्रदेश का नाम रोशन करें।

## नयना और हर्षित ने आइस-स्केटिंग में जीते स्वर्ण पदक

लेह (लद्दाख)। शीतकालीन खेलों के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन तेलंगाना और कर्नाटक ने स्पीड स्केटिंग स्पर्धा में एक-एक स्वर्ण पदक जीते। आज यहां खेले गये स्केटिंग मुकाबलों में तेलंगाना की नयना श्री तल्लूरी ने केआईडब्ल्यूजी 2025 का पहला स्वर्ण पदक जीता और एनडीएस स्टेडियम में महिलाओं की 500 मीटर शॉर्ट ट्रैक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर 'हैट्रिक' पूरी की। कर्नाटक के हर्षित ने पुरुष पॉन्ड में दिन का दूसरा स्केटिंग स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक के ही हर्षण दूसरे तथा हरियाणा के सचिन सिंह तीसरे स्थान पर रहे। स्पीड स्केटिंग 500 मीटर महिला फाइनल में तेलंगाना की नयना श्री तल्लूरी 1:01.35 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, कर्नाटक की प्रतीक्षा केएस 1:02.84 समय के साथ दूसरे तथा महाराष्ट्र की स्वरूपा देशमुख 1:03.15 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर लंबे ट्रैक पुरुष फाइनल में कर्नाटक के हर्षित बीटी ने 1:44.22 समय के साथ स्वर्ण पदक तथा तमिलनाडु के गुरु हर्षण एच 1:55.38 के साथ दूसरे तथा हरियाणा के सचिन सिंह 1:56.63 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## त्रिवेदी ने काता स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

अहमदाबाद। पश्चिम रेलवे के दिनेश त्रिवेदी ने काता स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के मुख्य कार्यालय अधीक्षक/परिचालन विभाग श्री त्रिवेदी ने 55 से 60 वर्ष आयु वर्ग में एक्सआईआई जेकेएआई (जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया) सीनियर कराटे चैंपियनशिप के काता स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्री त्रिवेदी 1985 से कराटे का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने 1991 में जापान कराटे एसोसिएशन की पहली डैन ब्लैक बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसका मुख्यालय टोक्यो, जापान में है। वर्तमान में वे जापान कराटे एसोसिएशन के छठे डैन ब्लैक बेल्ट हैं। जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जेकेएआई इंडिया) ने 18 से 22 जनवरी तक हैदराबाद के गाचीबोली इंडोर स्टेडियम में जेकेए इंडिया के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया। चैंपियनशिप में दुनिया भर से 1600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 64 छात्र महाराष्ट्र से थे।



## राष्ट्रीय खेलों में आईओसीएल आया साथ, ब्रॉन्ज स्पॉन्सर बना

नैनीताल/देहरादून। 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहे उत्तराखंड को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का साथ मिल गया है। आईओसीएल प्रायोजक के रूप में उत्तराखंड का साथ देगा। आईओसीएल की ओर से आधिकारिक सहमति दे दी गई है। आईओसीएल को राष्ट्रीय खेलों का ब्रांज स्पॉन्सर बना दिया गया है। अब इस आयोजन के प्रचार-प्रसार में अब आईओसीएल भी भागीदार होगा। आईओसीएल की ओर से बतौर प्रायोजक जल्द ही अपनी भागीदारी को लेकर निर्णय लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि राष्ट्री खेलों के उद्घाटन के दिन आईओसीएल की बोर्ड बैठक भी प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इस बैठक में प्रायोजक के आकार पर निर्णय ले लिया जाएगा। बहरहाल, आईओसी ने स्पॉन्सरशिप के लिए प्रारंभिक सहमति दे दी है। राष्ट्रीय खेलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा के अनुसार आईओसीएल का स्पॉन्सरशिप के संबंध में आधिकारिक मेल प्राप्त हुआ है।

# मंदिरी अंडर-20 चैलेंज सीरीज के लिए एआईएफएफ टीम में सुदेवा दिल्ली एफसी के तीन खिलाड़ी चयनित

एजेंसी
नई दिल्ली। प्रतिष्ठित मंदिरी अंडर-20 चैलेंज सीरीज के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की 23 सदस्यीय टीम में सुदेवा दिल्ली एफसी के तीन मौजूदा खिलाड़ियों का चयन हुआ है। क्लब ने उक्त घोषणा की। सुदेवा दिल्ली एफसी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, यह पूरे सुदेवा परिवार के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि चयनित खिलाड़ी - फॉरवर्ड मोहम्मद जुल्फिक, मिडफील्डर मोहम्मद समी और जाजो फ्रशान - भारत में फुटबॉल प्रतिभाओं को विकसित करने और मिशन विश्व कप 2030 के प्रति सुदेवा के समर्पण का प्रमाण हैं। इन मौजूदा खिलाड़ियों के अलावा, सुदेवा के दो पूर्व छात्र, जो प्रमुख क्लबों के लिए खेलने के लिए आगे बढ़े हैं, ने भी टीम में अपनी जगह बनाई है। गोलकीपर करण मक्कर वर्तमान में जमशेदपुर एफसी के साथ और डैनी मीतेई लैशराम, मिडफील्डर वर्तमान में नॉर्थ-ईस्ट यूनाइटेड के साथ हैं, जो अकादमी के




व्यापक प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों के स्थायी प्रभाव को प्रस्तुत करते हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, 2014 में स्थापित सुदेवा भारत का अग्रणी आवासीय प्रशिक्षण संस्थान है, जो देश भर से फुटबॉल प्रतिभाओं की खोज और पोषण करने के लिए प्रतिबद्ध है। दूरदराज के क्षेत्रों से खिलाड़ियों की खोज और विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करने के साथ, सुदेवा का जमीनी स्तर का युवा कार्यक्रम महत्वाकांक्षी फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए आशा की किरण बन गया है। एआईएफएफ द्वारा एक एलीट अकादमी के रूप में मान्यता प्राप्त और खेलो इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त अकादमी, खिलाड़ियों के विकास के लिए समर्पित है, जिसमें शिक्षा और जीवन कौशल के साथ उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण को संयोजित किया जाता है। हाल ही में हुए चयन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार शीर्ष स्तरीय एथलीटों को तैयार करने के सुदेवा के मिशन की सफलता को उजागर करते हैं। इन खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ अकादमी के कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कौशल विकास पर रणनीतिक ध्यान और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। मंदिरी अंडर-20 चैलेंज सीरीज़ एक बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट है जो पूरे क्षेत्र से शीर्ष युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। एआईएफएफ की 23 सदस्यीय टीम देश की सबसे उज्ज्वल संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करती है, और इस टीम में सुदेवा का योगदान वैश्विक मंच पर भारतीय फुटबॉल को आगे बढ़ाने में इसकी प्रमुख भूमिका को रेखांकित करता है।

## सूरमा हॉकी क्लब ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगरर्स को 4-2 से हराया




रांची। सूरमा हॉकी क्लब ने गुरुवार को महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग आखिरी पूल चरण में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 4-2 से हरा टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सूरमा हॉकी क्लब रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में ओडिशा वारियर्स से भिड़ेगा। आज रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब के लिए चार्लोट एंगलबर्ट ने (पहले, 17वें और 47वें) मिनट में गोलकर शानदार हैट्रिक बनाते हुए खेल पर अपना दबदबा बनाये रखा। हिना बानो ने (नौवें) मिनट में सूरमा के लिए गोल दागा।

श्रीची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए कप्तान वंदना कटारिया ने (48वें) मिनट और शिल्पी डबास ने आखिरी क्वार्टर के (58वें ) मिनट में गोल किया।

# टी-20 जय नेपाल कप: काठमांडू विश्वविद्यालय को हराकर लखनऊ विश्वविद्यालय सेमीफाइनल में

एजेंसी
लखनऊ । त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, काठमांडू, नेपाल में खेले जा रहे टी-20 जय नेपाल कप क्रिकेट टूर्नामेंट में लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने दूसरे मैच में काठमांडू विश्वविद्यालय को 87 रन से हराते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। लखनऊ विश्वविद्यालय के कप्तान आनंद सागर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और 20 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाये। टीम से मन कांडपाल ने सबसे ज्यादा नाबाद 75 रन बनाए। इसके अलावा हर्षवर्धन ने 28, आदित्य प्रताप ने 25 और आशीष यादव ने 17 रन का योगदान दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी काठमांडू विश्वविद्यालय को अभिषेक ने पहला झटका दिया। इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सकी और 20 ओवर में 8 विकेट पर 87 रन ही बना सकी। लखनऊ विश्वविद्यालय से आनंद सागर ने 3 विकेट लिए। बाद उपकप्तान व मैन ऑफ द मैच मनन कांडपाल ने जीत का श्रेय



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मनन कांडपाल को नाबाद 75 रन और 1 विकेट लेने के लिए मिला। लखनऊ विश्वविद्यालय का आखिरी लीग मैच कल दोपहर 1 बजे से मिड वेस्ट यूनिवर्सिटी के खिलाफ होगा।मैच के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को समर्पित किया। क्रीडा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य समस्त टीम के खिलाड़ियों और टीम मैनेजमेंट को बधाई और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी ।

# राष्ट्रीय खेल में शामिल होने को खिलाड़ी हुए रवाना,अवनीश अवस्थी ने दिखायी हरी झंडी

एजेंसी
लखनऊ। उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीमों की रवानगी शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत भव्य विदाई के साथ हुई। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी (सलाहकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश) ने ओलंपिक ध्वज दिखाकर उत्तर प्रदेश के दल को रवाना किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया।मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी ने मौजूद खिलाड़ियों को किट प्रदान कर उत्तर प्रदेश दल को किट वितरण की शुरुआत की। उन्होंने अपने आर्शीवचन में कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खेलों को अभूतपूर्व सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और



अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में भी खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि बेहतरीन तैयारियों के चलते उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी इस बार अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करेंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को अपने प्रेषित शुभकामना संदेश में कहा कि आप सभी मेहनत और लगन के साथ खेलते हुए प्रदेश का नाम रोशन करें। हम सभी को आप पर गर्व है और हमें विश्वास है कि आप अपनी प्रतिभा से नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अब तक उत्तर प्रदेश की कलारीपयट्टू, ट्रायथलॉन, हैंडबॉल, बीच हैंडबॉल, योगासन, बास्केटबॉल, साइकिलिंग, तीरंदाजी व बाक्सिंग टीम को किट प्रदान की चुकी है।

# मुंबई सिटी एफसी ने स्पेनिश अटैकर जॉर्ज ऑर्टिज से किया करार

एजेंसी
मुंबई। मुंबई सिटी एफसी ने स्पेनिश अटैकर जॉर्ज ऑर्टिज के साथ करार किया है। स्पेन के विलाकैनास से आने वाले ऑर्टिज़ 2025-2026 सीज़न के लिए मुंबई सिटी एफसी में शामिल होंगे और अपने अनुभव और गुणवत्ता को टीम में लाने की कोशिश करेंगे। गेटाफे सीएफ की युवा प्रणाली के उत्पाद, ऑर्टिज़ ने स्पेन में एक प्रभावशाली करियर बनाया है, जिसमें एटलेटिको मैड्रिड बी के साथ एक स्पेल भी शामिल है। 2022 में, वह शेन्ज़ेन पेंग सिटी में शामिल हो गए, जहाँ उन्होंने 2022-2023 तक चाइना लीग वन में खेला और 2024 में चीनी सुपर लीग में भाग लिया, जिसमें 56 मैचों में कुल 15 गोल और 11 सहायता दर्ज की गई। ऑर्टिज एएफसी स्तर पर भी अनुभव लाते हैं, 2021 एएफसी चैंपियंस लीग में प्रमुखता से शामिल हुए और स्कोरिंग की। आईएसएल में ऑर्टिज ने 14 गोल और 8 सहायता के साथ



36 मैच खेले हैं। वर्तमान इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीज़न के महत्वपूर्ण मोड़ पर उनके हस्ताक्षर से आइलैंडर्स की टीम मजबूत होगी। जॉर्ज ऑर्टिज ने मुंबई सिटी एफसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के हवाले से कहा, मैं इंडियन सुपर लीग में वापस आकर, मुंबई सिटी एफसी जैसे रोमांचक क्लब में शामिल होने और सिटी फुटबॉल ग्रुप के भीतर अपनी यात्रा जारी रखने के लिए उत्साहित हूँ। क्लब और ग्रुप दोनों ने बहुत उच्च मानक स्थापित किए हैं। मुंबई शहर और मुंबई सिटी एफसी का माहौल बेजोड़ है, और मैं अपने नए साथियों, प्रशंसकों के साथ शुरुआत करने और उनकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूँ,

मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच पेट्र क्रेटकी ने कहा, हम मुंबई सिटी एफसी में ऑर्टिज का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। वह आईएसएल में सिद्ध क्षमता वाले एक हमलावर हैं और उन्हें उच्च स्तर पर खेलने का अनुभव है। हम हमेशा बेहतर होने का प्रयास करते हैं और मैदान पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के तरीके खोजते हैं। इस लिहाज से, ऑर्टिज इस सीज़न में हमारी टीम को मजबूत करेंगे। हम उनके शामिल होने से उत्साहित हैं और उम्मीद करते हैं कि हम शेष सीज़न में भी सफलता हासिल करेंगे।

## उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के तकनीकी अधिकारी व पर्यवेक्षक बने डॉ. अजय पाठक

एजेंसी
मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव व मंडलीय ओलंपिक सचिव मुरादाबाद निवासी डॉ. अजय पाठक उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के तकनीकी अधिकारी व पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा। इसमें डॉ. अजय पाठक को तकनीकी अधिकारी व पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। डॉ. अजय मुरादाबाद मंडल के प्रथम व्यक्ति हैं जिन्हें नेशनल गेम्स में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने लगातार दूसरी बार तकनीकी अधिकारी/पर्यवेक्षक बनाया है।

इस उपलब्धि के मिलने के बाद डॉ. अजय पाठक ने बताया कि हमारा ध्यान इस बात पर होगा कि उत्तर



प्रदेश के खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उत्तर प्रदेश की टीम ज्यादा ज्यादा मैडल जीते और अंक तालिका में में टॉप पर रहे।

# हसन अली 2025 तक वारविकशायर में वापसी के लिए सहमत

एजेंसी
नई दिल्ली। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली ने 2025 में क्लब के लिए सभी प्रारूपों में खेलने के लिए वारविकशायर में वापसी पर सहमति व्यक्त की है। उनके मई में टी20 ब्लास्ट की शुरुआत से लेकर सितंबर के अंत तक उपलब्ध रहने की उम्मीद है। 30 वर्षीय हसन पिछले सीजन में एजबेस्टन में अपने कार्यकाल के दौरान कोहनी की चोट के बाद से नहीं खेले हैं, जिसके कारण उन्हें पांच विटैलिटी ब्लास्ट मैचों में 10 विकेट लेने के बाद बाहर होना पड़ा। सर्जरी के बाद वे वारविकशायर और पाकिस्तान के मेडिकल स्टाफ दोनों की देखरेख में पुनर्वास से गुजर रहे हैं। उन्होंने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, मैंने पिछले साल कहा था कि एजबेस्टन मुझे दूसरे घर जैसा लगता है...लेकिन अब यह पहले घर जैसा होता जा रहा है। मुझे वारविकशायर के लिए खेलना, बियर्स के प्रशंसकों के लिए खेलना पसंद है। और मुझे उम्मीद



है कि वे मेरे खेलने के तरीके से देखेंगे कि मैं इस क्लब के लिए कितना जीतना चाहता हूँ। उन्होंने कहा, 2023 में व्हाइट बियर कैप से सम्मानित होना मेरे करियर के सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक था और मैं अगले सीज़न में बियर्स के साथ और भी कई खास यादें बनाना चाहता हूँ। पिछला साल चोट के कारण बदकिस्मत रहा। मुझे लगा कि मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा था और ब्लास्ट में काफी विकेट ले रहा था। लेकिन मैं ट्रेनिंग में 100 प्रतिशत गेंदबाजी कर रहा हूँ और अगले सीज़न में वारविकशायर के साथ जुड़ने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूँ। हसन ने 2023 और 2024 सीज़न में वारविकशायर के लिए नौ काउंटी चैंपियनशिप में 27 विकेट लिए हैं, साथ ही ब्लास्ट में 19 विकेट लिए हैं।

## मंगलुरु में 200 से अधिक तैराक डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए तैयार

एजेंसी
मंगलुरु। डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण को शानदार प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें 200 से अधिक तैराक 26 जनवरी को मंगलुरु सर्फ क्लब बीच पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस इवेंट का आयोजन मंगलुरु सर्फ क्लब द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 250 मीटर से लेकर 6 किमी तक की पांच श्रेणियों में मुकाबले होंगे। इस बार का मुख्य आकर्षण डूबे हुए डेन डेन जहाज के चारों ओर आयोजित दौड़ है, जो 2007 में समुद्र में डूबने के बाद एक ऐतिहासिक स्थल बन चुका है। प्रतियोगिता में दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और गोवा समेत कई राज्यों के तैराक भाग लेंगे। प्रतिभागी 10 वर्ष से ऊपर के आयु-विशिष्ट वर्गों में हिस्सा लेंगे, जिसमें सबसे लंबी श्रेणी 6 किमी की दौड़ होगी। मंगलुरु सर्फ क्लब के अध्यक्ष चिराग शंभू ने इस आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा, इस साल की चैंपियनशिप में प्रतिभागियों की संख्या पिछले साल से दोगुनी हो गई है। यह भारत में ओपन-वाटर स्पोर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। हम जल सुरक्षा को बढ़ावा देने और मंगलुरु को इस तरह के आयोजनों के लिए प्रमुख स्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चैंपियनशिप के निदेशक ऋषभ शेट्टी ने बताया कि सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। 20 से अधिक लाइफगार्ड, स्पीडबोट्स और सर्फ-बोट्स की सहायता से सभी प्रतिभागियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया है, उन्होंने कहा। इस इवेंट को भारतीय तट रक्षक, हॉलीवुड लाउंज, केएमसी अस्पताल और वी वन एक्वाटिक सेंटर जैसे साझेदारों का सहयोग मिला है। इसके अलावा, ओपन वाटर स्विमर्स फाउंडेशन और लोकल फिशिंग बोट्स ने भी सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान दिया है।

# बार्सिलोना के डिफेंडर जेरार्ड मार्टिन ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी
मैड्रिड। एफसी बार्सिलोना के स्टार डिफेंडर जेरार्ड मार्टिन ने 30 जून 2028 तक क्लब के साथ अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने 23वें जन्मदिन से दो दिन पहले इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। क्लब ने उक्त घोषणा की। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पहली टीम में अपने सफल सत्र में प्रभावित किया है, बी-टीम से पदोन्नति के बाद 18 बार प्रदर्शन किया है। क्लब के बयान में कहा गया है, एफसी बार्सिलोना और जेरार्ड मार्टिन ने क्लब के साथ खिलाड़ी के अनुबंध को 30 जून 2028 तक बढ़ाने के लिए एक समझौता किया है। डिफेंडर ने गुरुवार को दोपहर में बार्सा के अध्यक्ष जोआन लापोर्टा, युवा फुटबॉल के लिए जिम्मेदार निदेशक जोआन सोलर, खेल निदेशक एंडरसन लुइस डी सूजा (डेको) और युवा फुटबॉल के निदेशक जोस रेमन एलेक्सेंको




की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। डिफेंडर ने बार्सिलोना की वेबसाइट से कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं बचपन से ही बार्सिलोना का समर्थक रहा हूं और जब मैं यहां आया, तो मुझे पहली टीम में शामिल होने की उम्मीद थी। यह बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने इसे प्रबंधित किया है और मैं खुश हूं। मार्टिन ने कहा, मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा और जो भी अवसर मुझे मिलेंगे, उनका लाभ उठाऊंगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य जितना संभव हो सके, क्लब के लिए उतने अधिक खिताब जीतना है।

# खो-खो विश्व कप विजेता भारतीय टीमों को केंद्रीय खेल राज्य मंत्री ने दी बधाई, महाराष्ट्र सरकार ने खिलाड़ियों को दिया बड़ा तोहफा

एजेंसी
नई दिल्ली। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने हाल ही में खो-खो विश्व कप जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला टीमों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। खडसे ने कहा कि यह देश के लिए गर्व का क्षण है कि दोनों टीमों ने इस स्वदेशी खेल में पहला विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने इस जीत को पूरे देश, विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लिए प्रेरणा बताया।खडसे ने कहा, 'हमारी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने जिस दबदबे के साथ विश्व कप जीता, उससे मुझे बहुत गर्व है। यह हमारी मिट्टी और गांवों का खेल है, जिसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का श्रेय भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) और खिलाड़ियों को जाता है।'उन्होंने केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने इस खेल को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है।भारतीय पुरुष टीम, जिसकी कप्तानी प्रतीक वाइकर कर रहे थे, ने फाइनल मुकाबले में नेपाल को हराया। वहीं, महिला टीम ने प्रियंका इंगले की अगुवाई में नेपाल के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पहले खो-खो विश्व कप में 6 महाद्वीपों के 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमों ने भाग लिया। यह टूर्नामेंट एक सप्ताह तक चला, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा।

**महाराष्ट्र ने निभाई अग्रणी भूमिका**

खडसे ने महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा, 'महाराष्ट्र, जहां इस खेल की शुरुआत हुई, ने शानदार योगदान दिया। अब यह हर खिलाड़ी की जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र में इस खेल को बढ़ावा दें और नई पीढ़ी को प्रेरित करें।'

**राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने 10 दिसंबर, 2024 से 11 जनवरी, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक महीने का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इस शिविर में 27 राज्यों के 60 पुरुष और 60 महिलाओं ने भाग लिया, जिसे केकेएफआई के समर्थन से आयोजित किया गया।

**मित्तल ने सरकार की सराहना की**

केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने विश्व कप के सफल आयोजन में सहयोग के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा, 'खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने हर संभव सहायता प्रदान की। हमने चार साल बाद बर्मिंघम में अगले विश्व कप के आयोजन की घोषणा कर दी है और भारत में भविष्य की विश्व चैम्पियनशिप आयोजित करने की योजना पर विचार कर रहे हैं।' खडसे के अनुरोध पर महाराष्ट्र सरकार ने खो-खो विश्व कप में भाग लेने वाले राज्य के प्रत्येक खिलाड़ी को 2.25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार और राज्य सरकार में प्रथम श्रेणी की नौकरी देने की घोषणा की है। यह कदम खो-खो को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयासों का हिस्सा है।

**खो-खो को नई पहचान देने का प्रयास**

रक्षा खडसे ने कहा कि सरकार खो-खो जैसे स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि केकेएफआई की योजनाओं को आगे बढ़ाने और खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए केंद्रीय खेल मंत्री से चर्चा की जाएगी।

# हमारा लोकतन्त्र हमारे संविधान का प्राण है, लोकतन्त्र का आधार है मतदान: मण्डलायुक्त

**आजमगढ़**
मण्डलायुक्त विवेक ने कहा है कि हमारा लोकतन्त्र संविधान का प्राण है तथा लोकतन्त्र का आधार मतदान है। मण्डलायुक्त ने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को स्थानीय हरिऔध कला केन्द्र में आयोजित मतदाता जागरुकता एवं शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश का लोकतन्त्र सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और पूर्ण रूप से सफल भी है। उन्होंने कहा कि हमें पूरी स्वतन्त्रता के साथ मतदान करने का जो अधिकार प्राप्त है वह हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। यह शक्ति ऐसी है जिसका प्रयोग करके हम अपने राष्ट्र, प्रदेश, समाज और स्वयं का निर्माण करते हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि लोकतन्त्र हमारी गरिमा का परिचायक है, व्यक्ति की गरिमा, उसकी स्वतन्त्रता का सम्मान इसमें निहित है। उन्होंने कहा कि आज हमने जो अनिवार्य मतदान की जो शपथ ली है, हमें




इससे और आगे जाना है तथा अपने ऐसे रिश्तेदारों, परिचितों, मित्रों, पड़ोसियों को जो मतदान के प्रति जागरुक नहीं है उन्हें मतदान की महत्ता को बताकर जागरुक भी करना है। मण्डलायुक्त विवेक ने युवाओं का आह्वान किया कि मतदान दिवस को महापर्व के रूप में लें, इसे सबसे बड़ी जिम्मेदारी मानकर अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा मताधिकार के प्रयोग के प्रति उदासीन लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि कहा कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। मण्डलायुक्त ने कहा कि हम भारत के लोग शब्दावली के साथ हमारे संविधान की शुरूआत होती है अर्थात संविधान की जो भी शक्ति है वह हम सबसे आती है, जो भी व्यवस्था संविधान के द्वारा देश में लागू की गयी है उसका अधार हम सब हैं।

जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा देश सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है, विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है, देश में शीघ्र ही 100 करोड़ मतदाता हो जायेंगे। उन्होंने कहा हमारा देश में विभिन्न धर्म, सम्प्रदाय, जाति, भाषाओं, वर्गो के लोग रहते हैं, परन्तु देश की एकता काफी मजबूत है, जिसके कारण हमारे देश को विविधताओं में एकता वाला देश कहा जाता है। हम जिस प्रकार से एकजुट होकर देश को प्रगति की ओर ले जा रहे हैं उसके पीछे जो नीव है वह लोकतन्त्र है। उन्होंने कहा विविधताओं में एकरूपता को बनाये रखना हमारी सुदृढ़ लोकतान्त्रित व्यवस्थाओं का जीता जागता सबूत है। जिलाधिकारी श्री चहल ने कहा कि देश निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, हमारी मजबूत लोकतान्त्रिक व्यवस्था के कारण जीडीपी में निरन्तर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कोई भी हो उसमें मतदान अनिवार्य रूप से करें। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार दिव्यांगजनों, वृद्धजनों, मरीजों आदि को भी मतदान करने की सुविधा दी गयी है तथा इसके लिए आवश्यक व्यवस्थायें की गयी है, जिसके कारण विगत वर्षों में वोटिंग परसेन्टेज काफी बढ़ा है और निरन्तर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस के माध्यम से हमें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना है और यह सुनिश्चित कराना है कि मतदान दिवस को सभी लोग अपने मताधिकारी का प्रयोग अवश्य करें। इससे पूर्व मण्डलायुक्त विवेक, डीआईजी सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया। समारोह में संगीत महाविद्यालय हरिहरपुर के प्रशिक्षक प्रभात नारायण दीक्षित व उनकी पार्टी, शीतला प्रसाद मिश्र व मोहन मिश्र की टीम तथा बच्चों द्वारा गीतों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें मुख्य रूप से ह्यचलो सासु जी वोट डाल आयें, ससुर जी का संग लई चलोह्य तथा ह्यअरे जागो रे जागो देश के मतदाताह्व आदि गीत प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम में अन्त में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त विवेक को, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने डीआईजी सुनील कुमार सिंह को, उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार धनवन्ता ने जिलाधिकारी को, मुख्य राजस्व अधिकारी विनय कुमार गुप्ता ने सीडीओ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद के सबसे बुजुर्ग मतदाओं, निर्वाचनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपर वाइजरों, बीएलओ आदि कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व राष्ट्रीय पर्यटन दिवस एवं उप्र दिवस के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की शैक्षणिक भ्रमण हेतु अधिकारियों द्वारा बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कृषि और पर्यटन को मिलकर एक नई राह पर चलने की बात कही

**राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर** पर राजधानी लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अपने संबोधन में पर्यटन के महत्व और विकास के लिए विभाग द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। मंत्री ने कहा, कि उत्तर प्रदेश अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के लिए पूरे देश और दुनिया में विख्यात है। मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन क्षेत्र को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कृषि और पर्यटन को मिलकर एक नई राह पर चलने की बात कही।
राज्य में एग्री और रूरल टूरिज्म पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक लाख ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का जो लक्ष्य रखा है, उसमें पर्यटन का अहम योगदान होगा। हमारा विश्वास है आदरणीय प्रधानमंत्री जी के पांच ट्रिलियन इकॉनमी लक्ष्य में पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आजादी के 100वें साल में अर्थात 2047 तक अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश पर्यटन महती भूमिका निभाएगा।
मंत्री जयवीर सिंह ने कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए कहा, आज के बदलते दौर में कृषि और पर्यटन साथ मिलकर बढ़ रहे हैं। एग्रो टूरिज्म आने वाले समय में नई ताकत देंगे, यह पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा, समय आ गया है कृषि में योगदान देने वाले किसान अब पर्यटन में भी अहम भूमिका निभाएं। पर्यटन नीति के तहत होम स्टे की ओर कदम बढ़ाने वाले किसानों को रियायत दिए जाएंगे। ऐसे किसानों का स्वागत है। जयवीर सिंह बोले, कोरोना महामारी के बाद लोगों ने गांव का रुख किया तो प्रकृति की महत्ता को समझा। किसान पर्यटन विभाग के साथ जुड़कर काम करें तो उनका भी भला होगा और एग्रो टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।
जयवीर सिंह बोले, उत्तर प्रदेश की आबादी 24 करोड़ है। 2017 में हमारी सरकार आने के बाद कानून-व्यवस्था के साथ अन्य क्षेत्रों में बड़े स्तर पर बदलाव हुए। राज्य का कायाकल्प हुआ है। दंगाइयों के प्रदेश को उत्तम प्रदेशश बनाने में मजबूत फैसले लिए, जिससे देश-दुनिया के लोगों की अवधारणा बदली। उत्तर प्रदेश पर्यटन आज ऐसी यात्रा पर निकल पड़ा है जिसमें गांव प्राथमिकता पर है। यूपी टूरिज्म नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हम आगे भी विरासत और विकास को साथ लेकर बढ़ेंगे।
कार्यक्रम में निम्नलिखित लोगों के बीच पुरस्कार वितरण बेस्ट टूरिज्म विलेज श्रेणी में गोल्ड पुरस्कार जैत गांव, मथुरा को, सिल्वर पुरस्कार सेल्हा गांव, पीलीभीत को, और ब्रॉन्ज पुरस्कार बुढ़ादाना गांव, औरैया को मिला। बेस्ट फार्म स्टे श्रेणी में गोल्ड पुरस्कार फूलबाग एग्री फार्म, फरुर्खाबाद (संचालक- महेश कुमार सिंह) को, सिल्वर पुरस्कार खटिया व्हीट फार्मर प्रोड्यूसर, रानीपुर, झांसी (संचालक- सियाराम) को, और ब्रॉन्ज पुरस्कार सोसाइटी ऑफ यूनिवर्स लवर्स, पूठ पुष्पावती, हापुड़ (संचालक- रामनीष तंग्री) को दिया गया। बेस्ट होम स्टे श्रेणी में गोल्ड पुरस्कार रोहित होमस्टे, भावंत, मैनपुरी (संचालक- रोहित कुमार प्रजापति) को, सिल्वर पुरस्कार अनुपम होमस्टे, गाढ़ा कटरा, प्रयागराज (संचालक- अनुपम) को, और ब्रॉन्ज पुरस्कार अरुण तोमर होम स्टे, नंगली तीरथ, मेरठ (संचालक- अरुण तोमर) को प्रदान किया गया। समारोह में संबंधित गांवों के प्रधान, सचिव और यूनिट संचालकों के साथ आदर्श सेवा समिति, एएमएस व जियोस्टेट संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। पिछले दिनों युवा टूरिज्म क्लब की प्रतियोगिता कराई गई थी। जिसके प्रथम विजेता संदीप कन्नौजिया, महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज गोरखपुर, द्वितीय विजेता ?शैलेन्द्र महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज, गोरखपुर और तृतीय विजेता ?अंजलि कुमारी, नवयुग कन्या इंटर कॉलेज, लखनऊ को सम्मानित किया गया। इसी तरह, दुधवा निर्वाण रिट्रीट, अ यूनिट ऑफ ब्लिज गेटवे प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर समीर गुप्ता सम्मानित किए गए। उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति के तहत पांच निवेशकों, छह टूर ट्रेवेल ऑपरेटर्स को सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही मथुरा में संचालित होटल ललिता ग्रैंड के संचालक अजय गुप्ता को कैपिटल सब्सिडी के लिए 90,88,790 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 15 कृषकों को भी सम्मानित किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मे शाम ने।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
सलाहकार संपादक: रिजवान सैफ खान
सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सह संपादक: राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

# दो बी.एल.ओ. को मिला बेस्ट इलेक्ट्रोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024

**बहराइच।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा बेस्ट इलेक्ट्रोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024 अन्तर्गत बेस्ट बी.एल.ओ. अवार्ड हेतु जिले से चयनित 02 बूथ लेबिल अधिकारियों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से प्रशस्ति-पत्र व मोमेन्टों भेंट कर सम्मानित किया। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा के मतदेय स्थल 84-प्रा.वि. लौकहिया के बीएलओ सहा.अ. अवध किशोर व 133-कम्पोजिट विद्यालय मनगौढ़िया खास के बीएलओ सहा.अ. कय्यूम अंसारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए बेस्ट बी.एल.ओ. अवार्ड हेतु चयनित किया गया है उल्लेखनीय है कि पूर्व में संचालित पुनरीक्षण अभियान में 18-19 वर्ष आयु वर्ग में सर्वाधिक मतदाताओं का नामांकन, सर्वाधिक महिलाओं का नामांकन, जेण्डर रेशियों व ई.पी. रेशियों में सर्वाधिक सुधार तथा सर्वाधिक दिव्यांग मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 284 के 05 सुपरवाईजर व 10 बीएलओ तथा 286 बहराइच के 05 सुपरवाईजर व 13 बी.एल.ओ. को भी प्रशस्ति-पत्र व मोमेन्टों भेंट कर सम्मानित किया किया।सम्मान समारोह में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के सर्वाधिक नाम शामिल करने हेतु मटेरा क्षेत्र के सुपरवाईजर ग्राम पंचायत अधि. महेश कुमार मिश्र, बीएलओ शि.मि. सिराज अहमद व शि.अनु. सदानन्द यादव तथा बहराइच क्षेत्र की सुपरवाईजर श्रीमती पल्लवी, बीएलओ आ.बा.कार्य. श्रीमती तारा देवी, सबा कौसर व शकीला, सर्वाधिक महिलाओं का नाम सम्मिलित करने हेतु मटेरा क्षेत्र के सुपरवाईजर सहा.अ. श्रीनिवास, बीएलओ आ.बा.कार्य. सुषमा पासवान व शि.मि. इन्द्रपरी तथा बहराइच क्षेत्र के सुपरवाईजर नीरज त्रिपाठी, बीएलओ लिपिक अरविन्द कुमार, आ.बा.कार्य. श्रीमती शमा परवीन व शमा खानम को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जेण्डर रेशियों में सुधार के लिए मटेरा क्षेत्र के सुपरवाईजर ग्रा.वि.अधि. इन्द्रसेन, बीएलओ सहा.अ. आनन्द शंकर चौबे व ग्रा.रो.से. पेशकार मौर्या तथा बहराइच क्षेत्र के सुपरवाईजर अतुल कुमार त्रिपाठी, बीएलओ आ.बा.कार्य. ममता मिश्रा व अनुराधा गौड़ तथा शि.मि. राम शरण मौर्य, ई.पी. रेशियो सुधार के लिए मटेरा क्षेत्र की सुपरवाईजर लेखपाल दीपिका पाण्डेय, बीएलओ सहा.अ. मुनेश व कृष्ण गोपाल, बहराइच क्षेत्र के सुपरवाईजर लेखपाल सौरभ त्रिपाठी, बीएलओ सहा.अ. शिव सागर व श्याम बहादुर तथा ग्रा.रो.से. महेन्द्र प्रताप जायसवाल तथा सर्वाधिक दिव्यांग मतदाताओं को शामिल करने के लिए मटेरा क्षेत्र के सुपरवाईजर लेखपाल अवनीश त्रिपाठी, बीएलओ शि.मि. शिवनाथ वर्मा व सहा.अ. दीपेश कुमार तिवारी तथा बहराइच क्षेत्र के सुपरवाईजर आशुतोष प्रताप सिंह व बीएलओ पम्प आपरेटर ध्रुवराज सिंह को सम्मानित किया गया।

## लोनिवि डिप्लोमा संघ ने मनाया 103 वॉ स्थापना दिवस

**लखनऊ।** लोनिवि डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का शताब्दी स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के सलाहाकार इं. वी. के सिंह, विशिष्ठ अतिथि प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन इं. मुकेश चन्द्र शर्मा एवं परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी संघ का निर्विवाद रूप से सौ का आंकडा वह भी विशेष उपलब्धियों के साथ पूरा करना इस बॉत का प्रमाण है कि संघ के प्रति सदस्यों का विश्वास जमा हुआ है। उन्होंने डिप्लोमा इंजीनियस्त्र से कहा कि देश के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए उनका फर्ज है कि वे सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर विकास कार्यो में अपनी भागीदारी दर्ज करायें। उन्होंने इस दौरान कहा कि मैने विभागाध्यक्ष रहते कई बार आपके कार्यक्रमों में सहभागिता दर्ज कराई मुझे हर बार एक अलग ही उत्साह नजर आया। संघ द्वारा कराई जाने वाली हर चर्चा एवं परिचर्चा विभाग हित में होती है। संघ के 103वॉ स्थापना दिवस समारोह में संघ द्वारा 21 सेवानिवृत्त, पदाधिकारी एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ द्वारा इं. राम नगीना प्रसाद को संघ रत्न से सम्मानित किया गया। ॅस्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष इं. एन.डी . द्विवेदी ने कहा कि संघ गरिमा और सदस्यों के सम्मान के लिए हमारे अग्रजों ने इसके लिए बड़ी कुर्बानिया दी है। संघ ने इस लम्बे अरसे में बहुत कुछ हासिल किया है। संघ को आईएसओ अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। हमारा पूरा प्रयास है कि हम संघ की गरिमा को बनाए रखकर अपने सदस्यों के हितार्थ प्रयासों को जारी रखेगें।

## क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ

**लखनऊ। आज दिनांक** 25 जनवरी को विजय पैराडाइस , विकासनगर, लखनऊ द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन, सहारा एस्टेट, क्रिकेट स्टेडियम, जानकीपुरम में किया गया, जिसका शुभारम्भ फिट-7 हेल्थ क्लब & स्टूडियो, विकासनगर के निदेशक व (फिल्म अभिनेता ) अर्पित सिंह और विजय पैराडाइस के मैनेजिंग डायरेक्टर - विजय सिंह भदौरिया द्वारा किया गया ' फिट -7 जिम के मैनेजर श्री रणवीर सिंह ने मीडिया संवाददाता को बताया की क्रिकेट मैच का मुकाबला फिट -7 किंग्स, विकासनगर एवं एनीटाइम वारियर्स, इंदिरानगर के बीच टक्कर का हुआ, जिसे रोमांचक मैच के साथ एनीटाइम वारियर्स ने 2 विकेट से गेम जीत लिया '

## काम से लौट रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौके पर ही मौत

**कौशांबी।** भोवापुर निवासी सनी कुमार (27) को 22 जनवरी की रात कौशांबी थानाक्षेत्र स्थित डाबर तिराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई विनय कुमार ने बृहस्पतिवार को कौशांबी थाने में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विनय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भोवापुर निवासी उदय गुर्जर के मकान में किराये पर रहते हैं। उनका भाई सनी कुमार वैशाली सेक्टर चार स्थित कंपनी में नौकरी करता था। 22 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह ड्यूटी से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में डाबर तिराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से ट्रक का नंबर ट्रेस कर लिया गया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अधिवक्ता से अभद्रता और मारपीट, घर के बाहर फायरिंग का वीडियो वायरल

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी निवासी अधिवक्ता कपिल चंदेला से बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे युवकों के एक समूह ने मारपीट की।

## एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को टैबलेट्स वितरित किए

**ग्रेटर नोएडा।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत नरेन्द्र सिंह भाटी, एम0एल0सी0, गौतमबुद्ध नगर ने राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को टैबलेट्स वितरित किए।
कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद टेबलेट्स का वितरण किया गया।
एम0एल0सी0 नरेन्द्र सिंह भाटी ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि डिजिटल इंडिया योजना के सशक्तिकरण के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है तथा चिकित्सीय छात्रों को ज्ञानार्जन के लिए डिजिटल मोड बेहतर प्लेटफार्म है, जो चिकित्सीय ज्ञान को एक नया आयाम देता है।
श्री भाटी ने आगे कहा कि मेडिकल की पढ़ाई में डिजिटल के माध्यम से मिलने वाली जानकारियां अधिक से अधिक हासिल करें तथा टैबलेट्स के माध्यम से नए-नए शोध कार्य करने का भी प्रयास करें।
इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम0एल0सी0 श्री नरेन्द्र सिंह भाटी जी ने बच्चों से कहा कि चिकित्सीय पद्धतियों को बेहतर बनाने के लिए डिजिटाइजेशन बहुत जरूरी है। इस मौके पर मैं एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को टैबलेट मिलने के अवसर पर बधाई देता हूं। इस मौके पर निदेशक डा0 ब्रिगे0 राकेश कुमार गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 सौरभ श्रीवास्तव, डा0 रम्भा पाठक, संकायाध्यक्ष (एकेडमिक), डा0 रंजना वर्मा, संकायाध्यक्ष (परीक्षा), डा0 मनीषा सिंह, संकायाध्यक्ष (गुणवत्ता), डा0 सतेन्द्र कुमार, संकायाध्यक्ष (छात्र आचार्य, फिजियोलॉजी, डा0 सी0डी0 त्रिपाठी, आचार्य एवं विभागाध्क्ष, फामाकोलॉजी, डा0 आइजेन भटटाचार्य, आचार्य, बायोकैमिस्ट्री, डा0 नीतू भदौरिया, प्रधानाचार्या, नर्सिंग कॉलेज आदि मौजूद रहे।

## जमीन/फ्लैट बैचने के नाम पर ठगी कर करोडो रुपए का गबन करनेवाले गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस द्वारा जमीन/फ्लैट बैचने के नाम पर ठगी कर करोडो रुपए का गबन करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुये एक अभियुक्त व एक महिला अभियुक्ता की गिरफ्तार किया गया।

## आईसीएलएम संस्था ने आयोजित कराया विद्यारंभ संस्कार

### विद्यार्थियों में वितरित किए स्कूल बैग, कक्षाओं में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया

**बहराइच।** शहर के कंप्यूटर सेंटर आईसीएलएम में शनिवार को विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ओ लेवल के बच्चों को आईसीएलएम संस्था द्वारा कक्षाएं प्रारंभ कराई गई।आईसी एल एम के डॉयरेक्टर सूरज शुक्ला द्वारा विद्यारंभ कार्यक्रम कर बच्चों को बैग वितरित कर ओ लेवल की बैच को प्रारंभ किया गया आईसीएलएम के डॉयरेक्टर ने बताया कि संस्था 2015 से लगातार बहराइच में कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं।उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश व दूर दराज से आए बच्चों को कम से कम शुल्क में कौशल परक शिक्षा प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना हैं। डायरेक्टर सूरज ने बताया कि संस्थान द्वारा लगातार किसी न किसी माध्यम से उनके बौद्धिक विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित कराता रहता है` इस अवसर पर संस्था के मैनेजर सनी सिंह शिक्षक नूर खान, ऋषभ वा संस्थान के छात्र - छात्राएं आदि मौजूद रहे

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 29 जनवरी को

**बहराइच।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 29 जनवरी 2025 को अपरान्ह 4 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एमओयू से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

## मानवता की सेवा की खातिर रक्तदान करने को लगी होड़

**वाराणसी:- द**वा विक्रेता समिति वाराणसी की तरफ से सप्तसागर दवा मंडी में लगाये गये रक्तदान शिविर में मानवता की सेवा की खातिर रक्तदान करने को व्यापारियों,आम नागरिकों में होड़ लगी रही,हर कोई इस पुनीत यज्ञ में आहुति देने को आतुर नजर आया` एक रक्तदाता जाता तो पीछे कतारबद्ध खड़े दूसरा तत्काल पहुंच जाता यह देख रक्तदान करने वाली टीम अचभ्भित थीं,लेकिन पूरी तन्मयता से रक्तदान करने में जुटी रही`
दवा विक्रेता समिति वाराणसी के महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि आल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी ) के 50 साल पूरे होने और राष्ट्रीय अध्यक्ष अप्पाजी शिंदे साहेब के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देश के 30 राज्यों के 789 जिले में शुक्रवार को एक साथ रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ` शिविर की शुरूआत थोड़ा विलंब से हुआ क्योंकि (एआईओसीडी) से क्यूआर कोड पर रजिस्ट्रेशन करना था समझने में थोड़ी सी परेशानी हुई 12:00 बजे से शुरूआत होने के बाद इस शिविर में अभी तक 152 यूनिट रक्तवीरों ने अपना योगदान दिया सम्मिलित दिनेश कुमार,अंजनी गुप्ता, अतुल जैन, विनोद यादव,धर्मेंद्र अग्रवाल, शैलेश गुप्ता,विनय गुप्ता,त्रिलोकी यादव, अनूप जायसवाल,अशोक सिंह,गोवर्धन इसरानी,धर्मेंद्र सिंह,अनिल शाह, मनोज अग्रवाल,अनिल सिंह,प्रतीक गुजराती, सुनील गुप्ता,राजेश भार्गव,महेश खेतान, मोनू यादव,हरीश संतानी,सुबोध यादव इत्यादि लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया

## मतदाता जागरूकता दिवस पर तहसीलदार लाल जी विश्वकर्मा के नेतृत्व में निकाली गई प्रभातफेरी

**गाजीपुर।** स्थानीय तहसील जखनिया अंतर्गत मतदाता जागरूकता दिवस 2025 के अवसर पर तहसीलदार जखनिया लाल जी विश्वकर्मा के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र के साथ-साथ कस्बा में प्रभात फेरी निकल कर भव्य रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया साथ मे नायब तहसीलदार जलालाबाद, सादात,मनिहारी व सभी सर्किल के कानूनगो व लेखपालों के साथ साथ कोटेदार व तहसील के कार्मचारी गण तथा अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रभात फेरी की अगवानी खुद तहसीलदार लाल जी विश्वकर्मा कर रहे थे साथ में उनके स्थानी कोतवाल तारावती भी रहीं बताते चलें की मतदाता जागरूकता दिवस 25 जनवरी 2011 से शुरू की गई थी जो प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मनाई जाती है इस अवसर पर सरकारी विभागों के साथ-साथ स्कूल कॉलेजों तथा अन्य संस्थाओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है।

## योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचाने में जुटें विधायक व बीडीसी : बृज भूषण

**बहराइच। हुजू**रपुर ब्लाक कार्यालय सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह रहे जबकि विशिष्ट अतिथि पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी रहे बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि जनता और अधिकारियों के बीच मजबूत कड़ी हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य और विधायक सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने में अपना योगदान देकर योजनाओं का फायदा सीधे गरीबों तक पहुंचाएं । बैठक में ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने सदस्यों को क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। खण्ड विकास अधिकारी अनुभा श्रीवास्तव ने क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं से सम्बंधित जानकारी दी । बैठक में थाना प्रभारी रानीपुर चंद्र पंचायत अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय उग्रसेन सिंह , ज्ञानेन्द्रकुमार, महीप सिंह , पुनीत कुमार तथा ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## सपा नोएडा महानगर ने मनाया कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती

**नोएडा। समाजवा**दी पार्टी नोएडा महानगर ने सेक्टर 53 स्थित सपा कार्यालय पर जननायक समाजवादी नेता कपूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती पुष्प अर्पित कर धूमधाम से मनाया।महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि जननायक के रूप में मशहूर समाजवादी नेता कपूरी ठाकुर दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। महानगर महासचिव विकास यादव ने कहा कि श्री कपूरी ठाकुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षक तथा बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री थे, प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता था ।कपूरी ठाकुर ने गरीबों और वंचितों के लिए जो किया हुआ एक मिसाल है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में रामवीर यादव,गौरव कुमार यादव, महकर सिंह तंवर, शालिनी खारी , सतवीर यादव, गौरव सिंघल, अनुराग यादव, मयंक लाल, राणा मुखर्जी,सौरभ चौहान, कैलाश यादव, राकेश यादव,सिकंदर पासवान,मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वेदिका फाउंडेशन को सावित्रीबाई फुले सम्मान से किया सम्मानित

**नोएडा। महिला** उन्नति संस्था द्वारा सावित्रीबाई फुले इंटर कॉलेज ,ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की महान विभूतियों को सावित्री बाई फुले सम्मान से सुशोभित किया गया। जिसमे वेदिका फाउंडेशन की सचिव डॉ.सपना बाई फुले समान से सम्मानित किया एवं मंगलमय कॉलेज की हेड ऑफ मैनेजमेंट डॉ. ऋचा शर्मा को भी रिसर्च एंड डेवलपमेंट में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी